मस्जिद नवाब मुकीम खान,बंगाली पंजा, नागपुर

सहरी 05 : 12
इफ़्तार 06 : 25

हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

चेज मास्टर कोहली के 84 रन

पेज 6 भी देखें

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, बुधवार, 5 मार्च 2025 | अंक 142/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

टीम इंडिया ने लगाई फाइनल की हैट्रिक; सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को धूल चटाई

दुबई.

टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में जगह बना ली है. दुबई में खेले गए पहले सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया और लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है. टीम इंडिया की जीत के स्टार मोहम्मद शमी और विराट कोहली रहे, जिन्होंने अपने-अपने दमदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया का काम तमाम करने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई. शमी ने जहां 4 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 264 रन पर रोका, वहीं कोहली ने भले ही शतक से चूक गए लेकिन उन्होंने टीम एक बार फिर टीम इंडिया के लिए रन चेज की सफलतापूर्वक कमान संभाली. दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारतीय टीम ने 14 साल बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराने में सफलता हासिल की. वर्ल्ड कप 2011 के क्वार्टर फाइनल में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और फिर खिताब भी जीता था.

इस बार टीम इंडिया ने खिताब के और करीब आकर ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में टूर्नामेंट से बाहर कर दिया. मंगलवार 4 मार्च को खेले गए इस पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी आधी ताकत के बावजूद दमदार प्रदर्शन किया. पहले ही कई खिलाड़ियों को खो चुकी ऑस्ट्रेलियाई टीम 21 साल के नए ऑलराउंडर कूपर कॉनोली के साथ उतरी लेकिन वो कुछ खास नहीं कर सके.

मगर दूसरी ओर से भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा साबित हो रहे ट्रेविस हेड ने फिर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर फिर मुश्किल में डाल दिया था लेकिन वरुण चक्रवर्ती ने यहां भी अपना कमाल दिखाया और उन्हें पवेलियन लौटा दिया. इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ ने एक बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन शमी ने शतक से पहले ही उन्हें बोल्ड कर भारत की वापसी कराई और ऑस्ट्रेलिया के बड़े स्कोर की उम्मीदों को झटका दिया. आखिर में एलेक्स कैरी ने भी एक बार फिर तेज पारी खेली और 61 रन बनाए. मगर 48वें ओवर में श्रेयस अय्यर ने उन्हें रन आउट कर ऑस्ट्रेलिया के स्कोर में 15-20 अतिरिक्त रनों की संभावना को भी खत्म कर दिया. टीम इंडिया के लिए शमी ने 3 जबकि रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए.

सरकार पर दाग बर्दाश्त नहीं!

मुंडे पर एक्शन से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का सीधा संदेश

मुंबई.

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के रूप में, बीजेपी को एक नया पोस्टर बॉय मिल गया है. फडणवीस अपनी सरकार की छवि को लेकर एक्शन में नजर आ रहे हैं. मंत्रियों के ओएसडी और सचिव की नियुक्ति के मामले में सख्त तेवर अपनाए रखने के बाद सीएम फडणवीस ने अब अपनी ही सरकार के मंत्री धनंजय मुंडे से इस्तीफा ले लिया है. धनंजय मुंडे एनसीपी कोटे से मंत्री से थे. बीड जिले में सरपंच की हत्या के आरोपी के साथ उनकी तस्वीर ने कई सवाल खड़े कर दिए थे. ऐसे में फडणवीस ने धनंजय मुंडे को कैबिनेट से छुट्टी कर अपने तेवर दिखाने के साथ सियासी संदेश दिया है. महाराष्ट्र की सत्ता की कमान संभालने के बाद से फडणवीस पूरी सावधानी बरत रहे हैं और फूंक-फूंक कदम उठा रहे हैं.

महायुति सरकार का चेहरा इस बार देवेंद्र फडणवीस है. अगर किसी विभाग में कोई गड़बड़ी होती है या फिर सरकार के दामन पर दाग लगते हैं तो सीधे तौर पर सरकार के मुखिया के लिहाज से फडणवीस ही विपक्ष के निशाने पर होंगे. यही वजह है कि फडणवीस ने किसी भी सूरत में अपनी सरकार के दामन पर कोई भी दाग नहीं लगने देना चाहते हैं, जिसके लिए सख्त तेवर अपना रखा है. फडणवीस ने लिया धनंजय मुंडे का इस्तीफा, बीड के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का अपहरण कर नौ दिसंबर को हत्या कर दी गई थी. सरपंच की हत्या उनके गांव के पास ही एक पवन ऊर्जा संयंत्र में जबरन वसूली के चलते हुई थी. सरपंच देशमुख की हत्या मामले में विष्णु चाटे सहित 7 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन जांच के बाद वाल्मिक कराड को एक नंबर का आरोपी बना दिया गया है. वाल्मिक कराड को धनंजय मुंडे का करीबी माना जाता है.

ऐसे में फडणवीस को मंत्री से इस्तीफा लेना जरूरी बन गया था, क्योंकि सरकार की छवि को भी बचाए रखना है. सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने शुरू से आरोप लगा रही थी कि सरपंच की हत्या का मास्टरमाइंड वाल्मिक कराड है. सरपंच संतोष की हत्या में कराड को आरोपी नहीं बनाया गया था.

इसके पीछे वजह धनंजय मुंडे के सियासी प्रभाव का माना जा रहा था. इस मामले में महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार घिरती जा रही थी. ऐसे में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सीआईडी जांच कराने का निर्णय लिया. देशमुख हत्या मामलों में दायर की गई सीआईडी की चार्जशीट धनंजय मुंडे के करीबी कराड को आरोपी बनाया गया है. ऐसे में फडणवीस के लिए अपनी सरकार की छवि को बचाए रखने के लिए मुंडे का इस्तीफा लेना लाजमी बन गया था.

> "महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अपने एक्शन से किसी को नहीं बख्श रहे हैं. चाहे मंत्रियों के विभागों के कर्मचारियों की जांच हो या फिर मंत्री को ही हटाने की बात हो. वे कोई भी फैसला लेने से पीछे नहीं हट रहे हैं. ऐसा कहा जा रहा है कि फडणवीस के तौर पर बीजेपी को नया पोस्टर ब्वॉय मिला है."

धनंजय मुंडे के इस्तीफे से सियासत में सफाई

सीएम फडणवीस किसी भी सूरत में अपनी सरकार के दामन पर दाग नहीं लगने देना चाहते हैं. सोमवार रात उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने फडणवीस से मुलाकात की थी, जिसमें धनंजय मुंडे से इस्तीफा लेने की पटकथा लिखी गई. सूत्रों की माने तो फडणवीस ने अजित पवार से साफ कह दिया था कि मुंडे को मंत्री पद छोड़ना पड़ेगा. मंगलवार सुबह धनंजय मुंडे ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे सीएम फडणवीस ने स्वीकार करते हुए राज्यपाल को भेज दिया है.

सरकार के दामन पर दाग स्वीकार नहीं!

धनंजय मुंडे का मंत्री पद से इस्तीफा हो या फिर सूबे में मंत्रियों के ओएसडी और पीए की नियुक्ति, फडणवीस सीएम अपनी ही तेवर में है. फडणवीस ने मंत्रियों की ओएसडी और पीएम के नामों को मंजूरी नहीं दी, उन पर किसी न किसी प्रकार के आरोप हैं या उनके खिलाफ किसी तरह की जांच चल रही है. सीएम देवेंद्र फडणवीस ने साफ तौर पर कहा कि भले ही कोई नाराज हो, लेकिन किसी भी विवादित और फिक्सर टैग वाले नामों की नियुक्ति नहीं दूंगा. इस तरह के फैसले से भले ही किसी को ठेस पहुंचे, लेकिन वो पीछे नहीं हटेंगे.

आजमगढ़ से मेरठ तक एटीएस की रेड; बड़े धमाके की थी साजिश

मेरठ.

होली से पहले पाकिस्तान देश में कोई बड़ी गड़बड़ी करने की फिराक में है. इसके लिए पाकिस्तानी की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भारत खासतौर पर उत्तर प्रदेश में अपने स्लीपर सेल को एक्टिव कर दिया है. हालांकि यूपी एटीएस ने पाकिस्तान से भारत में स्लीपर सेल के लिए भेजे गए मैसेज को डीकोड कर दिया है. अब यूपी एटीएस की टीम इस स्लीपर सेल के सदस्यों की पहचान और उनकी धरपकड़ में जुट गई है.इसके लिए प्रदेश के 60 से अधिक जिलों में छापेमारी शुरू की गई है. एटीएस सूत्रों के मुताबिक मेरठ और गाजियाबाद से लेकर आजमगढ़, मऊ और बलिया तक में कुछ संदिग्धों को चिन्हित किया गया है. तीन दर्जन से अधिक संदिग्धों को एटीएस की टीम ने उठा भी लिया है और अलग अलग स्थानों पर ले जाकर इनसे पूछताछ की जा रही है.

एटीएस सूत्रों के मुताबिक भारत में इस स्लीपर सेल के लीडर आजमगढ़ और मेरठ से हैं. बताया जा रहा है कि इन दोनों लीडर्स को एटीएस ने उठा लिया है. इनकी पहचान पर यूपी एटीएस ने प्रदेश भर से अन्य लोगों को उठाया है. संदिग्धों के दोस्त भी रडार पर इन संदिग्धों से हुई अब तक की पूछताछ में कई बड़े खुलासे हुए हैं. बताया जा रहा है कि इन दोनों लीडर्स को कोई अन्य हैंडलर लीड कर रहा था. इस हैंडलर को पाकिस्तान से दिशा निर्देश मिल रहे थे.

एटीएस से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक जिन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, उनके सगे संबंधियों और दोस्त मित्रों को भी रडार पर लिया गया है. इन सभी की गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा रही है. संदिग्धों से पूछताछ में पता चला है कि उनके पास मर्चेंट नेवी की कई खुफिया जानकारी है. वह इस जानकारी को अपने हैंडलर तक पहुंचा चुके हैं और अब हैंडलर की ओर से एक्शन आर्डर मिलने का इंतजार कर रहे हैं. एटीएस सूत्रों के मुताबिक उन्होंने कई ऐसे संदिग्धों को उठाया है, जो समुद्री रास्ते और मर्चेंट नेवी की जहाजों की अच्छी जानकारी रखते हैं. इनके हैंडलर ने काफी समय पहले भी इन्हें मिशन पर लगाया था. इसके लिए कई संदिग्ध इंडियन नेवी में हाई लेवल पर परीक्षा की तैयारी भी कर रहे थे. वहीं, अब संबंधित जानकारी इकट्ठा होने के बाद ये लोग मिशन को अंजाम देने की तैयारी में थे. एटीएस की लंबी पूछताछ के दौरान संदिग्धों के पास से कई अहम दस्तावेज और ईमेल बरामद हुए हैं.

रॉड से पीटा, ऊपर पेशाब किया.. क्या है सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड?

....जिसकी वजह से गई मंत्री धनंजय मुंडे की कुर्सी

मुंबई.

बीड के एक गांव के सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड का मामला महाराष्ट्र में राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। इस मर्डर केस की वजह से धनंजय मुंडे को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा है। आइए जानते हैं क्या सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड से जुड़ा वो मामला जिसकी वजह से मुंडे की कुर्सी चली गई। दरअसल, 9 दिसंबर को महाराष्ट्र के बीड के एक गांव के सरपंच संतोष देशमुख का अपहरण कर लिया गया था। आरोप है कि उन्हें कई घंटों तक प्रताड़ित किया गया और फिर उन्हें मृत समझकर छोड़ दिया गया। उनकी हत्या के बाद की जांच में पता चला कि उन्हें रॉड से पीटा गया और उनके साथ अकल्पनीय क्रूरता की गई।

आरोप है कि सरपंच की बेरहमी से पिटाई के बाद पेशाब भी पिलाई गई थी। संतोष देशमुख को रास्ते से हटाने का बना प्लान, जांच में पाया गया कि संतोष देशमुख ने क्षेत्र में संचालित एक पवनचक्की ऊर्जा फर्म को निशाना बनाकर की जा रही जबरन वसूली को रोकने की कोशिश की थी और उनकी हत्या का मास्टरमाइंड मुंडे का सहयोगी वाल्मिक कराड था। पवन ऊर्जा क्षेत्र के कारण पिछले कुछ वर्षों में बीड और आसपास के जिलों में लोगों का कारोबार बढ़ा है।

चिकित्सा कारणों से मंत्री पद से इस्तीफा: मुंडे

धनंजय मुंडे ने कहा- "मेरी पहले दिन से ही यही मांग रही है कि बीड जिले के मासाजोग निवासी स्वर्गीय संतोष देशमुख की नृशंस हत्या के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। कल जो तस्वीरें सामने आईं, उन्हें देखकर मन बहुत व्यथित हो गया। इस मामले की जांच पूरी हो चुकी है और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। साथ ही न्यायिक जांच का भी प्रस्ताव रखा गया है। अपनी सूझबूझ को याद करते हुए और पिछले कुछ दिनों से मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के कारण डॉक्टरों ने मुझे अगले कुछ दिनों तक इलाज कराने की सलाह दी है। इसलिए, चिकित्सा कारणों से भी मैंने मुख्यमंत्री को मंत्रिमंडल में अपने मंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया है।

हिमाचल में भारी बर्फबारी

मनाली. गर्मी का मौसम शुरू हो गया है लेकिन पहाड़ी इलाकों में हालात कुछ और हैं। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर भारी बर्फबारी हो रही है तो कहीं-कहीं लैंडस्लाइड भी हो रहा है। मौसम विभाग ने कई जगहों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है और लोगों को विशेष सावधानी बरतनें की सलाह भी दी है। बर्फबारी और लैंडस्लाइड से लोगों भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ों पर पिछले 24 घंटे में भारी बर्फबारी हुई है। हिमाचल के लाहौल-स्पीति, चंबा, कुल्लू, मनाली और किन्नौर में इतनी बर्फ गिरी है कि सड़क से लेकर पहाड़ों, घरों और मैदानों में बर्फ की मोटी परत जम गई है। शिमला में भी हल्की बर्फबारी और बारिश हुई तो उत्तराखंड के चमोली में बारिश के बाद फिर एक बड़ा लैंडस्लाइड हुआ। जम्मू-कश्मीर के बनिहाल, डोडा और श्रीनगर में बर्फबारी और बारिश से हालात खराब हैं। सड़कों पर बर्फ जमने से ट्रैफिक पर असर पड़ा है। वैसे तो मार्च में पहाड़ों पर बर्फबारी पहले भी होती रही है लेकिन इस बार मार्च के पहले ही हफ्ते में भारी बर्फबारी का रिकॉर्ड बन गया है। इस बार फरवरी में औसत से ज्यादा गर्मी पड़ी लेकिन फरवरी के आखिरी हफ्ते से अचानक मौसम में बदलाव हुआ।

टायर फटने से पलटी कार, तीन की मौत

महराजगंज.

महराजगंज जिले में मंगलवार सुबह सिकंदराजीतपुर में धानी-फरेंदा मार्ग पर टायर फटने के कारण एक कार के पलटने की घटना में तीन छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई तथा 11 अन्य छात्राएं घायल हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घायलों में से छह की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि अलग-अलग विद्यालयों की 14 छात्राएं सुबह कार से बोर्ड परीक्षा देने जा रही थीं। जिले के फरेंदा थाना क्षेत्र के सिकंदराजीतपुर में धानी-फरेंदा मार्ग के पास उनकी कार का टायर अचानक फट गया और वह अनियंत्रित होकर पलट गयी. 3 छात्राओं की मौत, 11 घायल, उन्होंने बताया कि इस घटना में कार सवार चांदनी पटेल (15), गायत्री गौड़ (17) और प्रीति (16) की मौत हो गयी। घटना में वाहन चालक और 11 अन्य छात्राएं घायल हो गईं।

सभी को धानी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। उनमें से छह गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने बताया कि मृत छात्राओं के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गये हैं। वहीं एक दूसरे मामले में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के पास एक बड़ा हादसा आज टल गया। दरअसल जंक्शन से चलने के बाद थोड़ी ही दूर जाकर एक ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई।

गिरफ्तार हो गए पूर्व विधायक वासुदेव यादव

वाराणसी. अखिलेश यादव के करीबी समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी वासुदेव यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। आय से अधिक संपत्ति के मामले में वाराणसी पुलिस ने वासुदेव यादव को गिरफ्तार किया है। प्रयागराज शहर के जॉर्ज टाउन इलाके में स्थित आवास पर मंगलवार को छापेमारी की गई। इसी दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वासुदेव यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में केस दर्ज था। विजिलेंस ने ये केस दर्ज कराया था। इस मामले में वाराणसी की अदालत ने पूर्व एमएलसी वासुदेव यादव को तलब भी किया किया था। कई बार समन जारी होने के बावजूद वासुदेव कोर्ट में पेश नहीं हुए तो गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। इस गैर जमानती वारंट के आधार पर वाराणसी पुलिस ने आज प्रयागराज में छापेमारी की थी। वासुदेव यादव पर आरोप था कि उन्होंने शिक्षा विभाग में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। वह यूपी बोर्ड के सचिव और यूपी के माध्यमिक शिक्षा विभाग में डायरेक्टर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। यूपी में साल 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद 12 सितंबर को वासुदेव यादव के खिलाफ विजिलेंस जांच के आदेश हुए थे। वासुदेव यादव की बेटी निधि यादव समाजवादी पार्टी की प्रवक्ता हैं। वासुदेव यादव को मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव का बेहद करीबी माना जाता था। आरोप यह भी था कि यादव परिवार का करीबी होने की वजह से समाजवादी पार्टी की सरकारों में उन्हें बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाती थी।

महिला दिवस से पहले महिलाओं की बल्ले-बल्ले

मुंबई.

महिला दिवस के मौके पर यानी आठ मार्च को कई राज्यों में महिलाओं को बड़ा तोहफा मिलने वाला है, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना शुरू होगी तो वहीं महाराष्ट्र की महिलाओं के खाते में भी महिला दिवस से ठीक पहले बड़ी रकम आ सकती है। महाराष्ट्र सरकार की तरफ से कहा गया है कि लाडकी बहिण योजना की किस्त आठ मार्च यानी महिला दिवस से ठीक पहले जारी हो सकती है। इसमें सबसे बड़ी बात ये है कि महिलाओं के खाते में एक महीने की नहीं बल्कि दो महीने की किस्त एक साथ डाली जाएगी। बता दें कि महाराष्ट्र सरकार की इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये दिए जाते हैं। इस तरह से एकमुश्त राज्य की महिलाओं के खाते में महिला दिवस से पहले सीधे तीन हजार रुपये डाले जाएंगे। महाराष्ट्र सरकार की तरफ से बजट सत्र के दौरान एक साथ फरवरी और मार्च दोनों महीनों की किस्त एक साथ जारी करने का ऐलान किया गया है। महाराष्ट्र कैबिनेट मंत्री अदिती तटकरे ने बताया है कि लाडकी बहिण योजना की दो महीने की किस्तें महिला दिवस के मौके पर जारी की जाएंगी.

सरकार भर देगी रुपयों से झोली!

'वनतारा' वाइल्डलाइफ का उद्घाटन

पीएम मोदी का अलग अंदाज, एशियाई शेर, क्लाउडेड और तेंदुए को पिलाया दूध

जामनगर.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान जामनगर में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया. इस दौरान पीएम मोदी ने 'वनतारा' की अलग-अलग सुविधाओं का भी निरीक्षण किया. उन्होंने सबसे बड़े पशु पुनर्वास केंद्रों में विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी भी ली. इसका वीडियो पीएम मोदी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर किया है. 'वनतारा' 1.5 लाख से अधिक बचाए गए और लुप्तप्राय जानवरों को आश्रय देने के लिए बनाया गया है.

वर्तमान में यह 2,000 से अधिक प्रजातियों का घर है. प्रधानमंत्री ने 'वनतारा' में वन्यजीव अस्पताल का दौरा किया, जहां उन्हें एमआरआई, सीटी स्कैन, आईसीयू सहित कई प्रकार की पशु चिकित्सा सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई. अस्पताल में वन्यजीव एनेस्थीसिया, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, एंडोस्कोपी, दंत चिकित्सा और आंतरिक चिकित्सा सहित कई विभाग भी हैं. 7 मिनट 39 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी शेरों की अलग-अलग प्रजातियों के साथ खेलते और दुलार करते हुए नजर आ रहे हैं, जिसमें एशियाई शावक, सफेद शेर के शावक, कैराकल शावक शामिल हैं. क्लाउडेड तेंदुए के शावक, जो एक दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति हैं, वीडियो में उन्हें भी देखा गया. पीएम मोदी ने जिस सफेद शेर के शावक का दूध पिलाया था, उसका जन्म केंद्र में तब हुआ था, जब उसकी मां को रेस्क्यू कर 'वनतारा' लाया गया था. भारत में कभी बड़ी संख्या में पाए जाने वाले कैराकल अब दुर्लभ होते जा रहे हैं. 'वनतारा' में कैराकल को प्रजनन कार्यक्रम के तहत पाला जाता है और उनके संरक्षण के लिए कैद में रखा जाता है, फिर उन्हें जंगल में छोड़ दिया जाता है.

पीएम मोदी ने 'मूकदर्शक' कहकर दी बड़ी नसीहत

> ग्लोबल सप्लाई चेन में उपलब्ध अवसरों का बेनिफिट

नई दिल्ली.

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि देश ग्लोबल इकोनॉमी का नया इंजन बनें. जिस तरह से चीन मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में आगे बढ़ा है. उससे दोगुनी तेजी के साथ भारत का ये सेक्टर दौड़े. इसके लिए कई इंटरनेशनल प्लेयर्स भारत के साथ काम करने को तैयार हैं. बस देश के कारोबारियों को सामने आने की जरूरत है. इसी वजह से देश के प्रधानमंत्री ने देश के कारोबारियों और उद्योग जगत को मूकदर्शक ना बने रहने की बात कही. साथ ही ये भी नसीहत दी कि वो ग्लोबल सप्लाई चेन में उपलब्ध अवसरों का बेनिफिट लें.

आपको बता दें कि हाल ही में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की पीएमआई

सामने आई है,जो कि 14 महीनों के लोअर लेवल पर है. ये आंकड़े देश की इकोनॉमी के लिए अच्छे नहीं है. वहीं दूसरी ओर ग्लोबल इकोनॉमी में एक बार फिर उसे ट्रेड वॉर शुरू हो गया है. अमेरिका और चीन एक दूसरे के इंपोर्ट पर टैरिफ लगा रहे हैं. ऐसे में भारत के लिए कई अवसर बन सकते हैं. पीएम मोदी का इशारा भी इसी ओर देखने को मिल रहा है. आइए आपको भी बताते हैं आखिर देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने उद्योग जगत से क्या कहा है.

देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उद्योग जगत से कहा कि वह मात्र मूकदर्शक न बने और ग्लोबल सप्लाई चेन में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाए. उन्होंने कहा कि दुनिया भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहती है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को हाई क्वालिटी वाले प्रोडक्ट्स का उत्पादन करके दुनिया की बढ़ती जरूरतों का लाभ उठाना चाहिए. उन्होंने बजट के बाद नियामकीय, निवेश और कारोबार सुगमता सुधारों पर आयोजित वेबिनार में कहा कि आज भारत स्थिर नीतियां और बेहतर कारोबारी माहौल प्रदान कर रहा है.

मैं आपसे देश के मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट को आगे बढ़ाने के लिए बड़े कदम उठाने का आग्रह करता हूं.

भारत बना ग्लोबल इकोनॉमी का इंजन

मोदी ने कहा कि उद्योग को आरएंडडी का उपयोग करके ऐसे अभिनव उत्पादों के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए जिनकी विदेशों में मांग है और इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा. मोदी ने कहा कि आज दुनिया को एक भरोसेमंद साझेदार की जरूरत है. उद्योग को महज दर्शक नहीं रहना चाहिए, बल्कि ग्लोबल सप्लाई चेन में अवसर तलाशने चाहिए. उन्होंने कहा कि आज भारत ग्लोबल इकोनॉमी के लिए ग्रोथ इंजन बन गया है. देश ने कठिन समय में भी अपनी लचीलापन साबित किया है.

नेक्स्ट भारत वेंचर्स ने 'द व्हाईक्लब' लॉन्च किया

> 13 प्रभावशाली उद्यमियों का उद्घाटन समूह घोषित

नई दिल्ली.

नेक्स्ट भारत वेंचर्स ने अपनी नई पहल 'द व्हाईक्लब' की घोषणा की है, जो प्रभावशाली और इरादे से प्रेरित उद्यमियों के लिए एक मजबूत सहकर्मी-संचालित समुदाय बनाने पर केंद्रित है। इस पहल के तहत, 1500 से अधिक आवेदकों में से 13 स्टार्टअप को चुना गया है, जिसमें 50 प्रतिशत संस्थापक महिलाएं हैं। ये स्टार्ट-अप ग्रामीण आजीविका, टिकाऊ कृषि, जैविक खाद्य उत्पादन, और निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेक्स्ट भारत वेंचर्स ने इस कार्यक्रम के लिए 9 करोड़ रुपये की शुरुआती फंडिंग की प्रतिबद्धता जताई है और सदस्यों को 'पे-इट-फॉरवर्ड' फेलोशिप प्रदान करेगा, जिससे संस्थापक अपनी यात्रा को सफलतापूर्वक जारी रख सकें। इसके अलावा, चयनित स्टार्ट-अप्स को 1 करोड़ रुपये से लेकर 5 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त फंडिंग का अवसर मिलेगा, ताकि उनके प्रभाव को बढ़ाया जा सके।नेक्स्ट भारत वेंचर्स के सीईओ, विपुल नाथ जिंदल ने कहा, "हमारा उद्देश्य व्हाईक्लब को दुनिया का सबसे बड़ा आत्मनिर्भर और सह-निर्भर उद्यमिता समुदाय बनाना है, जो सामाजिक प्रभाव संचालित उद्यमिता को एक नया रूप दे। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि उद्यमी कभी भी अपनी यात्रा में अकेला महसूस न करें और वे अपने साथियों के साथ मिलकर वैश्विक नेटवर्क तक पहुंच प्राप्त कर सकें। इस पहल में भारत-जापान सहयोग को भी बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे प्रभाव-संचालित स्टार्ट-अप्स को वैश्विक स्तर पर विस्तार करने का अवसर मिलेगा। यह कदम सरकार के बढ़ते फोकस के अनुरूप है, जो एग्रीटेक, ग्रामीण आजीविका और टिकाऊ व्यवसायों पर है। 'द व्हाईक्लब' भारत में प्रभाव उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

हिंदुजा कॉलेज को डीम्ड यूनिवर्सिटी बनाने की योजना

> 2030 तक 1 मिलियन छात्रों को सशक्त बनाने का लक्ष्य

मुंबई.

हिंदुजा फाउंडेशन ने अपने प्रमुख संस्थान, हिंदुजा कॉलेज ऑफ कॉमर्स के डीम्ड विश्वविद्यालय बनने की घोषणा की। यह कदम कॉलेज के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में उठाया गया है। इस अवसर पर, उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करने की अपील की और कहा कि शिक्षा सबसे प्रभावशाली परिवर्तनकारी तंत्र है। हिंदुजा फाउंडेशन का लक्ष्य 2030 तक 1 मिलियन छात्रों को सशक्त बनाना है।

हिंदुजा कॉलेज के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने विशेष शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण के लिए शिक्षा में निवेश करने की अपील की। उन्होंने कहा कि परोपकारी

प्रयासों को व्यवसायीकरण और कमोडिफिकेशन से प्रेरित नहीं होना चाहिए, और शिक्षा समानता लाने का सबसे प्रभावी तरीका है।

हिंदुजा कॉलेज का पुनर्विकास, डिजिटल आउटरीच और कौशल विकास केंद्र की योजना : हिंदुजा कॉलेज में पुनर्विकास की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक बहुमंजिला इमारत बनाई जा रही है। यह परियोजना 2028 तक पूरी होने की उम्मीद है। इसके अलावा, कॉलेज कौशल विकास केंद्र स्थापित करने के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, और वेल्थ मैनेजमेंट जैसे नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत करने जा रहा है। हिंदुजा कॉलेज के 30 से अधिक शैक्षणिक कार्यक्रमों को मान्यता मिली है। कॉलेज की दिशा छात्रों को न केवल उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए बल्कि दूसरों से आगे निकलने के लिए सशक्त बनाने की है। यह कॉलेज राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कदम उठाते हुए छात्रों को भविष्य के लिए तैयार कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आयकर कानून में बदलाव

> सोशल मीडिया अकाउंट की होगी निगरानी

नई दिल्ली.

सरकार ने सालाना 12 लाख रुपये तक की इनकम को टैक्स फ्री कर दिया है। लेकिन 1 अप्रैल, 2026 से आयकर विभाग को आपके सोशल मीडिया अकाउंट, निजी ईमेल, बैंक अकाउंट, ऑनलाइन निवेश अकाउंट, ट्रेडिंग अकाउंट और अन्य चीजों को देखने और उन तक पहुंचने का कानूनी अधिकार होगा। हालांकि ईमानदार टैक्सपेयर्स को इससे कोई परेशानी होगी लेकिन टैक्स चोरी करने वालों की खैर नहीं। नए आयकर कानून में अधिकारियों के पास यह अधिकार होगा। मौजूदा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 132 अधिकारियों को तलाशी लेने और संपत्ति और खाता-बही जब्त करने की अनुमति देती है। यह तब होता है जब उनके पास सूचना और कारण हो कि किसी व्यक्ति के पास कोई अघोषित आय, संपत्ति या दस्तावेज हैं, जिन्हें वह जानबूझकर आयकर से बचने के लिए छिपा रहा है।

मान लीजिए आपके पास एक गुप्त तिजोरी है जिसमें आप काला धन छिपाते हैं, तो आयकर विभाग उसे खोल सकता है। वर्तमान कानूनों के

तहत ऐसा करने का एक तरीका यह है कि किसी भी दरवाजे, बॉक्स या लॉकर का ताला तोड़ा जा सकता है। ऐसा तब किया जा सकता है जब उनकी चाबियां उपलब्ध न हों और अगर उन्हें शक हो कि कोई अघोषित संपत्ति या खाता-बही वहां रखा जा रहा है। जैसे पुराने जमाने में चोर ताला तोड़कर अंदर घुसते थे, वैसे ही। लेकिन अब यह ताला आपके घर का नहीं, आपके कंप्यूटर का भी हो सकता है।

नए आयकर बिल के तहत आयकर अधिकारियों को आपके कंप्यूटर सिस्टम या वर्चुअल डिजिटल स्पेस का एक्सेस दिया गया है। मतलब अब आपका कंप्यूटर, आपका ईमेल, आपका सोशल मीडिया, सब कुछ सरकार की नजर में है। आयकर विधेयक के क्लौज 247 के अनुसार यदि किसी अधिकृत अधिकारी के पास यह मानने का कारण है कि किसी व्यक्ति के पास अघोषित आय या संपत्ति है जो आयकर अधिनियम के दायरे में आती है, तो वह किसी भी दरवाजे, बॉक्स, लॉकर, तिजोरी, अलमारी या अन्य इंस्ट्रूमेंट का ताला तोड़ सकता है। वे किसी भी कंप्यूटर सिस्टम या वर्चुअल डिजिटल स्पेस में एक्सेस कोड को ओवरराइड करके एक्सेस प्राप्त कर सकते हैं।

यूवा ने लॉन्च की क्विप और ल्युमिनो प्रीमियम पेंसिल

मुंबई.

नवनीत एज्युकेशन का यूवा स्टेशनरी ब्रांड ने अपने ग्राहकों के लिए दो नई प्रीमियम पेंसिल - यूवा क्विप और यूवा ल्युमिनो लॉन्च की हैं। इन पेंसिलों का डिज़ाइन खासकर छात्रों, प्रोफेशनल्स और कलाकारों को ध्यान में रखकर किया गया है, जो स्मूथ लेखन और उच्च गुणवत्ता की खोज में रहते हैं। इनकी कीमत मात्र ₹ प्रति पेंसिल है, जो इन्हें बजट के हिसाब से भी किफायती बनाती है।

यूवा क्विप पेंसिल के पैक में हेक्सागोनल शेप वाली 5 आकर्षक शेड्स होती हैं, जिनमें से हर पेंसिल पर एक प्रेरणादायक उद्धरण अंकित होता है। यह पैक 10 पेंसिल्स के साथ आता है, जिसमें निःशुल्क शार्पनर और इरेज़र भी शामिल है।यूवा ल्युमिनो पेंसिल के पैक में ट्रायंगल शेप वाली 5 फ्लोरेसेंट शेड्स होती हैं, जो लेखन में नयापन और ऊर्जा का संचार करती हैं। इसके साथ एक इरेज़र टिप और निःशुल्क शार्पनर भी दिया जाता है।

यूवा स्टेशनरी के चीफ स्ट्रेटजी ऑफिसर, श्री अभिजीत सान्याल ने कहा, "इन पेंसिलों का डिजाइन और गुणवत्ता दोनों ही बेहतरीन हैं, जो छात्रों और प्रोफेशनल्स की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं। हमें विश्वास है कि यह किफायती कीमत और उच्च गुणवत्ता का संयोजन हमारे ग्राहकों को आकर्षित करेगा।

यूवा स्टेशनरी डिवीजन के वाइस प्रेसिडेंट, सिद्धांत गाला ने कहा, "हम अपने उपभोक्ताओं के लिए हमेशा उच्च गुणवत्ता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्ध रहे हैं। यूवा क्विप और ल्युमिनो पेंसिल के लॉन्च के साथ हम नए आयाम स्थापित कर रहे हैं, जो हमारे ग्राहकों के लिए और भी बेहतरीन अनुभव लेकर आएंगे। यह उत्पाद यूवा की गुणवत्ता और किफायती कीमत की प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करते हैं और देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होंगे।

सैमको म्यूचुअल फंड लांच करेगा लार्ज कैप एनएफओ

> ब्लू चिप स्टॉक के लिए मोमेंटम रणनीति

मुंबई.

सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने अपने नए लार्ज कैप फंड के लिए न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) की घोषणा की है, जो 5 मार्च 2025 से 19 मार्च 2025 तक खुलेगा। यह फंड प्रोपराइटरी सी ए.आर.इ मोमेंटम स्ट्रेटजी पर आधारित होगा और दीर्घकालिक धन सृजन के उद्देश्य से भारत की शीर्ष 100 लार्ज-कैप कंपनियों में निवेश करेगा।सैमको लार्ज कैप फंड लार्ज-कैप स्टॉक्स के लिए एक सक्रिय रूप से प्रबंधित फंड होगा, जो बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद स्थिरता और मजबूत रिटर्न प्रदान करने की क्षमता रखता है। इस फंड का उद्देश्य निवेशकों को उच्च गुणवत्ता,

रखते हैं। उनकी सक्रिय स्टॉक चयन प्रक्रिया का उद्देश्य पारंपरिक निष्क्रिय लार्ज-कैप रणनीतियों से बेहतर प्रदर्शन करना है।

विकास-संचालित निवेश विकल्प प्रदान करना है। इस फंड की प्रबंधन टीम में श्रीमती निराली भंसाली, श्री उमेशकुमार मेहता और श्री धवल घनश्याम धनानी शामिल होंगे, जो मौलिक और मोमेंटम आधारित निवेश रणनीतियों में विशेषज्ञता

सैमको लार्ज कैप फंड को निफ्टी 100 टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) के मुकाबले बेंचमार्क किया गया है। निवेशक इस फंड में न्यूनतम 5,000 रुपये के एकमुश्त निवेश या 500 रुपये के एसआईपी के माध्यम से निवेश कर सकते हैं।

नए निवेश से टियर-2 शहरों में लॉजिस्टिक्स का विकास तेज

नई दिल्ली.

भारत का लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर तेजी से बदल रहा है. सरकारी नीतियों, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीकी विकास और उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव इसके पीछे की बड़ी वजहें हैं.अब तक टियर-1 शहर इस क्षेत्र के प्रमुख केंद्र थे, लेकिन अब टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी इसका विस्तार तेजी से हो रहा है. इन शहरों में ऑनलाइन खरीदारी का दायरा बढ़ रहा है, जिससे लॉजिस्टिक्स सेक्टर को नई ऊर्जा मिल रही है.सरकार भी इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए बड़े कदम उठा रही है. अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड के तहत हर साल ₹10,000 करोड़ का बजट दिया जा रहा है. इसका फायदा 459 टियर-2 और 580 टियर-3 शहरों को मिलेगा. इसके अलावा, विजन 2047 जैसी योजनाएं भारत को $30 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रही हैं. इस बढ़ते विकास से लॉजिस्टिक्स क्षेत्र और मजबूत होगा. इससे सप्लाई चेन में सुधार होगा, कनेक्टिविटी बढ़ेगी और देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई मिलेगी.


महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
पदमिनी
विकली लॉटरी
सोडत दर मंगळवार
तिकीट किमत रु. 50/-
सोडत क्र. 09
सोडत दिनांक 04/03/2025
पहिले सामायिक बक्षिस रु. 7 लाख
PM-09 : 6721
उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/-
पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 6721
विन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - रत्नागिरी श्री गुरुदेव दत्त लॉटरी एजन्सी - पुणे
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी
दुसरे बक्षिस रु. 2000/- 3213 4568 4817 5082 6137 6307
तिसरे बक्षिस रु. 1000/- 1734 2277 4579 5029 5172 5764
चौथे बक्षिस रु. 500/- 1097 1103 1417 3472 3995 4903
पाचवे बक्षिस रु. 200/- 1930 4006 4161 4422 5745 6176
रु.100/- (सर्व मालिकांसाठी) सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)
1654 2002 2458 2902 3311 3780 4154 4609 5035 5594 6147 6559
1671 2021 2462 2928 3328 3782 4164 4611 5045 5607 6151 6568
1000 1187 1684 2028 2464 2929 3332 3814 4173 4616 5051 5614 6192 6570
1001 1197 1687 2072 2495 2938 3334 3831 4204 4620 5066 5623 6196 6581
1011 1198 1695 2091 2512 2972 3339 3835 4206 4628 5083 5633 6207 6590
1013 1201 1708 2092 2539 2980 3355 3836 4210 4674 5088 5641 6227 6619
1014 1269 1710 2102 2542 2990 3363 3843 4215 4702 5090 5647 6235 6626
1016 1270 1711 2125 2570 3000 3364 3851 4242 4709 5095 5692 6263 6634
1018 1294 1714 2160 2577 3011 3365 3877 4244 4741 5098 5775 6266 6637
1027 1319 1715 2180 2582 3015 3371 3879 4247 4746 5120 5778 6268 6638
1029 1331 1719 2192 2585 3019 3372 3887 4267 4783 5135 5784 6272 6654
1056 1342 1721 2202 2586 3030 3374 3890 4305 4789 5152 5785 6280 6658
1061 1360 1727 2203 2598 3031 3375 3898 4309 4810 5177 5786 6293 6683
1065 1388 1728 2205 2617 3034 3379 3932 4311 4825 5205 5805 6311 6686
1073 1395 1751 2211 2632 3037 3388 3964 4323 4833 5280 5836 6321 6696
1075 1417 1769 2245 2642 3039 3393 3969 4345 4843 5285 5850 6339 6697
1081 1419 1773 2247 2650 3075 3398 3993 4390 4844 5342 5859 6342 6698
1091 1442 1782 2250 2651 3159 3401 3995 4409 4849 5351 5880 6363 6762
1100 1461 1791 2269 2681 3163 3403 4009 4416 4878 5374 5890 6364 6766
1103 1472 1815 2270 2702 3167 3439 4016 4417 4884 5379 5895 6372 6776
1110 1477 1818 2275 2719 3196 3445 4041 4422 4889 5400 5915 6387 6792
1113 1500 1819 2278 2722 3204 3449 4042 4426 4899 5408 5919 6390 6809
1116 1505 1828 2288 2724 3219 3479 4046 4429 4914 5425 5942 6394 6831
1127 1517 1841 2294 2728 3232 3532 4047 4432 4935 5462 5951 6396 6848
1129 1518 1852 2299 2745 3236 3550 4051 4439 4945 5478 5955 6401 6866
1131 1537 1853 2302 2759 3238 3561 4061 4440 4949 5480 5964 6409 6887
1145 1574 1881 2312 2772 3240 3563 4064 4447 4950 5506 5990 6432 6904
1151 1575 1887 2335 2775 3249 3573 4067 4462 4962 5515 5997 6440 6916
1152 1598 1899 2366 2791 3251 3578 4068 4485 4974 5517 6059 6462 6937
1155 1601 1910 2375 2800 3263 3587 4107 4504 4977 5523 6061 6470 6946
1157 1605 1911 2392 2812 3276 3636 4110 4516 4979 5531 6066 6500 6960
1168 1607 1919 2398 2836 3293 3654 4116 4517 5000 5549 6067 6527 6962
1172 1608 1941 2415 2842 3298 3733 4124 4520 5001 5557 6075 6539 6967
1174 1619 1943 2422 2846 3300 3761 4129 4532 5002 5570 6117 6545 6973
1178 1621 1970 2425 2858 3303 3763 4137 4587 5008 5577 6126 6548 6986
1185 1636 1971 2450 2865 3306 3764 4140 4594 5023 5583 6137 6558 6995
पहिले सामायिक बक्षिस रु. 1 करोड (रु. 50 लाखाची 2 बक्षिसे)
महाराष्ट्र गुढीपाडवा भव्यतम सोडत सोडत दिनांक 29/03/2025
दुसरे बक्षिस रु. 8 लाख (₹1 लाखाची 8 बक्षिसे)
तिसरे बक्षिस रु. 10 लाख (₹2 लाखाची 5 बक्षिसे)
200/-
पदमिनी सोडत दिनांक 04/03/2025
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अधिक निकालासाठी अधिकृत वेबसाईट पाहावे. प्रसृतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagencymah : /princeagencypl : /princeagencymah


महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
गणेशलक्ष्मी
शुभ
विकली लॉटरी
सोडत संध्या. 5:00
सोडत दर मंगळवार • सोडत क्रमांक 09 • तिकीट किं. रु.10/- • सोडत दिनांक 04/03/2025
पहिले बक्षिस रु. 10000/-
MG-03 : 6113
श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी
दुसरे बक्षिस रु. 5000/- 7834
तिसरे बक्षिस रु. 1000/- 2016 जय जलाराम लॉटरीज, गोरेगाव | 2497 श्री गणेश एजन्सीज्, दादर, मुंबई | 4661 महादेव लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर | 6886 | 7079
चौथे बक्षिस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)
1767 3173 4004 4794 5602 6613 7310 8080
1016 1770 3220 4045 4944 5769 6667 7377 8156
1116 1916 3349 4324 4955 6066 6769 7437 8171
1169 1954 3367 4353 5129 6074 6907 7537 8241
1205 2228 3418 4376 5198 6260 7073 7620 8248
1206 2269 3436 4424 5207 6264 7099 7674 8260
1318 2364 3437 4476 5343 6466 7118 7774 8342
1339 2528 3821 4624 5424 6515 7237 7840 8485
1430 2880 3830 4643 5595 6519 7249 8028 8808
महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी होळी मासिक सोडत तिकीट किंमत रु.100/- सोडत दिनांक 12-03-2025
पहिले सामायिक बक्षिस रु. 22 लाख
दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारचे 30 बक्षिसे)
तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजारचे 100 बक्षिसे)
गणेशलक्ष्मी शुभ विकली लॉटरी सोडत दिनांक 04/03/2025
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अधिक निकालासाठी अधिकृत वेबसाईट पाहावे. प्रसृतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah


महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री
महालक्ष्मी विकली लॉटरी
सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर मंगळवार • सोडत क्रमांक 09 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 04/03/2025
पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- SM-07 : 3392 महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी
दुसरे बक्षिस रु. 5000/- 5082
तिसरे बक्षिस रु. 2000/- 1815 महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर | 3773 | 5715
चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)
1020 2002 2344 3913 5082
1036 2023 2582 4377 5085
1157 2155 2621 4416 5188
1161 2216 2872 4424 5313
1314 2227 2928 4616 5453
1326 2262 2970 4844 5768
1361 2270 3637 4903 5955
1659 2275 3889 4909 5992
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत तिकीट किंमत रु.50/- सोडत दिनांक 07-03-2025
जिंका फक्त 5 अंकात रु. 22 लाख (रु. 11 लाखाची X 2 बक्षिसे) पहिले सामायिक बक्षिस रु. दुसरे बक्षिस रु. 2 लाख (₹ 10 हजारचे 20 बक्षिसे) सहावे बक्षिस रु. 12 लाख (₹ 100 चे 6 क्रमवार बक्षिसे)
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अधिक निकालासाठी अधिकृत वेबसाईट पाहावे. • प्रसृतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री महालक्ष्मी विकली लॉटरी सोडत दिनांक 04/03/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी मंगळ विकली लॉटरी
सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर मंगळवार • सोडत क्रमांक 09 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 04/03/2025
मालिका GL-00 GL-01 GL-02 GL-03 GL-04
पहिले बक्षिस रु. 10,000/- 1278 महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर | 7054 | 8893 | 3196 | 5091
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES
दुसरे बक्षिस रु. 5000/- 0150 ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी - पुणे | 2483
तिसरे बक्षिस रु. 2000/- 5169 | 6838 | 7284 | 9507 | 9853
चौथे बक्षिस रु. 1000/- 3538 4006 5001 5214 6017 6147 7551 8182 8636 8769
पाचवे बक्षिस रु. 500/- 2528 2647 2861 4392 5162 6940 7817 8390 8976 9515
सहावे बक्षिस रु. 300/- सहावे बक्षिस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)
0832 1535 2424 3452 4419 5130 6025 7132 7939 9024
0837 1653 2645 3460 4421 5165 6079 7239 7997 9036
0021 0876 1715 2724 3535 4427 5185 6094 7242 8068 9098
0036 0908 1767 2728 3542 4430 5194 6164 7385 8114 9196
0087 0910 1771 2742 3549 4438 5245 6178 7414 8188 9202
0096 1016 1851 2745 3563 4480 5516 6452 7427 8208 9239
0173 1023 1911 2796 3621 4498 5551 6465 7476 8287 9479
0210 1123 1933 2825 3683 4504 5557 6468 7480 8345 9525
0237 1126 2050 2851 3888 4548 5570 6473 7499 8348 9589
0239 1138 2138 2878 3890 4596 5644 6572 7512 8380 9604
0301 1141 2201 2998 3939 4602 5645 6577 7543 8382 9702
0354 1161 2227 3113 4024 4646 5654 6617 7577 8484 9739
0360 1257 2251 3131 4044 4702 5670 6662 7659 8527 9782
0361 1281 2252 3193 4140 4874 5680 6675 7707 8597 9817
0407 1284 2253 3234 4149 4925 5845 6678 7724 8672 9901
0410 1315 2271 3311 4324 5034 5948 6681 7735 8684 9923
0504 1421 2278 3320 4349 5045 5968 6760 7737 8808 9938
0789 1499 2300 3369 4364 5089 5989 6962 7777 8817 9968
0820 1531 2368 3417 4417 5095 6009 7075 7860 8825 9977
पहिले सामायिक बक्षिस रु. 1 करोड (रु. 50 लाखाची 2 बक्षिसे)
महाराष्ट्र गुढीपाडवा भव्यतम सोडत सोडत दिनांक 29/03/2025
दुसरे बक्षिस रु. 8 लाख (₹1 लाखाची 8 बक्षिसे)
तिसरे बक्षिस रु. 10 लाख (₹2 लाखाची 5 बक्षिसे)
200/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी मंगळ विकली लॉटरी सोडत दिनांक 04/03/2025
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अधिक निकालासाठी अधिकृत वेबसाईट पाहावे. प्रसृतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

तेल की कीमतों में उछाल

> महंगाई को मिलेगा और बढ़ावा

नई दिल्ली.

पिछले साल सितंबर के महीने में खाने के तेल के इंपोर्ट पर ड्यूटी में इजाफा किया गया था. उसका असर लगातार देखने को मिला. अगर मौजूदा साल की बात करें तो खाने के तेल में 3 रुपए से लेकर 11 रुपए का इजाफा देखने को मिला है. वहीं दूसरी ओर मौजूदा साल में खाने के तेल के इंपोर्ट में भी गिरावट देखने को मिली है. फरवरी के महीने में खाने के तेल का इंपोर्ट 4 साल के लोअर लेवल पर पहुंच गया है. जानकारों के अनुसार खाने के तेल के इंपोर्ट कम होने का प्रमुख कारण इंपोर्ट ड्यूटी ज्यादा होगा.

साथ ही आने वाले दिनों में इंपोर्ट ड्यूटी में और इजाफे के संकेत मिलना है. इंपोर्ट ड्यूटी में इजाफे का मकसद लोकल फार्मर्स को सपोर्ट करना है. लेकिन इंपोर्ट में कमी और स्टोरेज में कमी आने की वजह से आने वाले दिनों में खाने के तेल में और महंगाई बढ़ने की संभावना है. आइए आपको पहले बताते हैं कि आखिर खाने के तेल के इंपोर्ट में कितनी गिरावट देखने को मिली है और मौजूदा साल में ऑयल की रिटेल की कीमतों में कितना इजाफा देखने को मिला है.

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सोया ऑयल और सूरजमुखी ऑयल के इंपोर्ट में गिरावट के कारण फरवरी में

भारत का खाद्य तेल इंपोर्ट चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गया, हालांकि पाम तेल का आयात जनवरी में लगभग 14 साल के निचले स्तर से सुधरा है.

डीलरों के अनुमान के अनुसार, सोया तेल और सूरजमुखी तेल की कम खेप ने फरवरी में देश के कुल खाद्य तेल आयात को 12 फीसदी घटाकर 884,000 टन कर दिया, जो फरवरी 2021 के बाद सबसे कम है. वनस्पति तेल ब्रोकरेज, सनविन ग्रुप के सीईओ संदीप बाजोरिया ने कहा कि विदेशों में ऊंची कीमतों और स्थानीय खाद्य तेलों की अधिक सप्लाई ने रिफाइनरों को फरवरी में इंपोर्ट कम करने के लिए प्रेरित किया. डीलरों का अनुमान है कि फरवरी में कम आयात ने भारत में खाद्य तेल के स्टॉक को एक महीने पहले की तुलना में 26 फीसदी घटाकर 1 मार्च को 1.6 मिलियन टन कर दिया है, जो 4 साल से अधिक समय में सबसे कम है.

ऑयल की कीमतों में इजाफा

मिनिस्ट्री ऑफ कंज्यूमर अफेयर के आंकड़ों के अनुसार मौजूदा साल में जहां वनस्पति ऑयल की कीमतों में 6 रुपए का इजाफा देखने को मिला और दाम 170 रुपए से 176 रुपए हो गए. वहीं दूसरी ओर सोया ऑयल की कीमत में में 5 रुपए की तेजी देखने को मिली और दाम 158 रुपए से 163 रुपए पर आ गए. सनफ्लावर के दाम में 11 रुपए की बढ़ोतरी देखने को मिली और कीमत 170 रुपये से बढ़कर 181 रुपए हो गई. अंत में पाम ऑयल के दाम में 3 रुपए की तेजी देखने को मिली और दाम 143 रुपए से बढ़कर 146 रुपए हो गई.

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-

महाराष्ट्र विधान परिषद उपचुनाव में भी एमवीए को झटका

सभी 5 सीटें जीत सकती है महायुति

मुंबई.

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत महायुति गठबंधन को विधान परिषद की सभी 5 खाली सीटों पर जीत मिलने की पूरी संभावना है, जिसके लिए उपचुनाव कार्यक्रम सोमवार को घोषित किया गया। निर्वाचन आयोग के अनुसार, उपचुनाव 27 मार्च को होने हैं। नवंबर 2024 के विधानसभा चुनावों में पांच एमएलसी (विधान परिषद के सदस्य) की जीत के कारण चुनाव की जरूरत पड़ी है। विधानसभा चुनाव जीतने वाले एमएलसी में से 3 भाजपा से, शिवसेना और राकांपा के एक-एक सदस्य थे। तीनों ही पार्टियां सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन का हिस्सा हैं। एमएलसी के उपचुनाव 288 सदस्यीय विधानसभा में विधायक कोटे से होने हैं।

भारतीय जनता पार्टी के 132 विधायक हैं। शिवसेना के 57 और

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 41 विधायक हैं, जिससे वे सभी पांच सीटों पर आसानी से जीत हासिल कर सकते हैं। उपचुनावों के लिए अधिसूचना 10 मार्च को जारी की जाएगी और उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच की अंतिम तिथि 18 मार्च है, जबकि उम्मीदवार 20 मार्च को चुनाव से अपना नाम वापस ले सकते हैं। अगर आवश्यक हुआ तो 27 मार्च को मतदान होगा।

महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता को लेकर बहस

दूसरी ओर, महा विकास आघाडी के सहयोगियों ने अभी तक महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता पद पर औपचारिक रूप से दावा पेश नहीं किया है। मगर, एक प्रमुख घटक ने सोमवार को मांग की कि कैबिनेट स्तर का यह पद गठबंधन के सभी तीन दलों को बारी-बारी से मिलना चाहिए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने मांग की कि विपक्ष के नेता का पद एमवीए के सभी घटक- उनकी पार्टी, कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) को 18-18 महीने के लिए बारी-बारी से मिले। उन्होंने कहा, 'हम कह रहे हैं कि नेता प्रतिपक्ष का पद तीन पार्टियों को 18 महीने के लिए बारी-बारी से मिलना चाहिए ताकि हर पार्टी को राज्य विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले। हमें एक मजबूत विपक्ष के रूप में एक साथ रहना होगा। यह एनसीपी-एसपी का रुख है।

धनंजय मुंडे को सह आरोपी बनाएं - रोहित पवार

मुंबई. पिछले दिसंबर में बीड जिले के मस्साजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में उनके करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड की गिरफ्तारी के बाद महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे की मांग ने जोर पकड़ लिया। विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के नेताओं ने मुंडे के इस्तीफे की मांग की. मुंडे, जो उस समय खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री थे, ने आज मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। मुंडेन के इस्तीफे की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने बताया है कि उन्होंने मुंडेन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और राज्यपाल को भेज दिया है। इस बीच, धनंजय मुंडे के मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार) के विधायक रोहित पवार ने इस्तीफा दे दिया है, मामला यहीं खत्म नहीं होता है, बल्कि उन्होंने संतोष देशमुख की हत्या और अवाडा कंपनी से मांगी गई रंगदारी के अपराध के मामले में उन्हें सह आरोपी बनाकर पारदर्शी जांच की मांग की है.

भाई संग करवाई गंदी हरकत

> युवती से रेप कर भागे बदमाश
> लूट ले गए कैश- जूलरी

पुणे

पुणे में 19 साल की एक युवती को चचेरे भाई के साथ इंटिमेट होने पर मजबूर किया गया। इसके बाद बदमाश उसकी जूलरी लेकर भाग निकले। पुलिस ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुणे पुलिस के मुताबिक जब युवती अपने चचेरे भाई के साथ बैठी थी तभी दो मोटरसाइकल सवार बदमाश वहां पहुंच गए। बदमाशों ने चाकू की नोक पर युवती को भाई के साथ ही अश्लील हरकत करने को मजबूर किया और इसका वीडियो भी बना लिया। इसके बाद आरोपियों ने युवती के साथ रेप किया और उसकी जूलरी लेकर फरार हो गए। युवती ने हिम्मत दिखाई और घटना के बाद तुरंत पुलिस को फोन किया।

घटना पुणे के शिरूर तहसील की है। युवती से रेप करने के बाद आरोपियों ने नोज रिंग और पेंडेंट लूच लिया और फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि 20 से 30 साल की बेच के दो बदमाश मोटरसाइकल पर आए थे। उन्होंने चाकू की नोक पर चचेरे भाई के साथ अश्लील हरकत करवाई और फोन में वीडियो बना लिया। पुलिस ने बताया कि युवती अब भी इस सदमे से बाहर नहीं आ पाई है।

युवती ने 112 पर फोन करके तुरंत घटना की जानकारी दी। युवती की तरफ से दी गई डीटेल के मुताबिक कुछ घंटों में दोनों आरोपियों को दबोच लिया गया। पुलिस ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद तुरंत टीम मौके पर पहुंच गई थी। बदमाशों का हुलिया और अन्य जानकारी लेने के बाद तलाश भी शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि लूटी गई सोने की जूलरी भी बरामद हो गई है और आरोपियों को 7 मार्च तक की पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

बता दें कि बीते सप्ताह पुणे के स्वारगेट में सरकारी बस में महिला के साथ रेप की घटना सामने आई थी। 27 फरवरी को आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। उसे 12 मार्च तक की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। आरोपी एक नामी क्रिमिनल निकला। पहले भी वह कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका था।

आम के बागान पर बढ़ती गर्मी की मार किसानों को करोड़ों के नुकसान का डर

रत्नागिरी.

रत्नागिरी जिले में जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, जिले के साथ-साथ पूरे कोंकण के आम उत्पादकों पर भारी मार पड़ रही है। गर्मी बढ़ने के साथ ही आम के पेड़ पर झड़ने की मात्रा बढ़ने लगी है। साथ ही तेज धूप के कारण वे काले पड़ने लगे हैं। इससे आम बागवान काफी डरे हुए हैं और इससे आम बागवानों को करोड़ों रुपये का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है.

रत्नागिरी जिले में कुछ दिनों से लू की स्थिति पैदा हो गई है. बढ़ती गर्मी का मानव और वन्यजीवों पर बड़ा प्रतिकूल प्रभाव पड़ता दिख रहा है। पिछले चार दिनों में गर्मी काफी बढ़ गयी है और जिले का तापमान 36 से 38 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है. देखा जा रहा है कि इस गर्मी का असर आम के बागान पर बड़े पैमाने पर पड़ रहा है. भीषण गर्मी के कारण आम सड़ने लगा है. इससे काई काली पड़ने लगी है। गिरने की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है.

बदलते परिवेश के कारण हर साल आम व्यवसाय को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। इस साल भारी बारिश और ठंडे मौसम के कारण उत्पादकों को आम की भरपूर फसल की उम्मीद थी। इस साल मानसून लंबा खिंचने के कारण पालवी बड़े पैमाने पर आई। दिसंबर में ठंड का मौसम शुरू होने के बाद मुद्रांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। लेकिन मोहर अदरक के कारण फल आना कम हो

गया। वहीं, इस साल आम की फसल गर्मी की भेंट चढ़ गई है. जिले में बागवान आम की फसल को बचाने के लिए जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं। लेकिन ये कोशिशें नाकाफी नजर आ रही हैं. रत्नागिरी जिले में पच्चीस हजार से अधिक आम उत्पादक हैं। इसलिए उन सभी को आम के कारोबार में घाटा होने का डर है.

प्राकृतिक आपदाओं और गर्मी के कारण आम के उत्पादन में भारी गिरावट आने की संभावना है। आम पेशेवरों ने अनुमान लगाया है कि इस वर्ष आम की फसल का उत्पादन 20 से 15 प्रतिशत होगा. बढ़ती गर्मी का आम व्यापारियों के पास कोई उपाय नहीं होने से इस साल आम उत्पादकों को करोड़ों रुपये की चपत लगेगी. साथ ही, यदि आम की पैदावार कम हो जाती है, तो उपलब्ध आम के फल की कीमत बढ़ जाएगी। पिछले साल की तुलना में इस साल गर्मी की मात्रा अधिक है. आम उत्पादकों को आम के पेड़ों को अधिक बार पानी देने की जरूरत है।

भीड़भाड़मुक्त और आसान यात्रा के लिए महामेट्रो की सामान्य कार्य योजना

पुणेः

महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (महामेट्रो) जल्द ही रिक्शा चालकों के साथ घर से मेट्रो स्टेशन और स्टेशन से घर तक आसान सेवा प्रदान करने के लिए एक 'संयुक्त कार्य योजना' लेकर आएगा। मेट्रो के उपयोग को आसान बनाने और यातायात की भीड़ को हल करने के लिए महामेट्रो ने रिक्शा चालक संघों की मदद से कार्रवाई करने की पहल की है। पुणे और पिंपरी चिंचवड़ शहरों में यातायात की भीड़ को हल करने के लिए सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में मेट्रो सेवा शुरू की गई थी। हालाँकि, कई मेट्रो लाइनों पर मेट्रो मार्गों की विस्तार परियोजनाएँ लंबित हैं और जिन स्थानों पर मेट्रो लाइनें नहीं हैं, वहाँ यात्रियों को मेट्रो से आसानी से यात्रा करने में सक्षम बनाने के लिए रिक्शा चालकों की मदद से प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए महामेट्रो और रिक्शा चालक संघ के पदाधिकारियों की बैठक हुई. इस बैठक में रिक्शा चालकों को पूरक सेवाएं (फीडर) उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश दिये गये हैं.

फिलहाल यात्रियों को मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने के लिए निजी वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता है। कई मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग की सुविधा न होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए, रिक्शा चालक नागरिकों को घर से निकलने के बाद मेट्रो स्टेशनों तक पहुंचने में सुविधा प्रदान करने के लिए घर से स्टेशन तक सामान्य सेवाएं प्रदान करने पर सहमत हुए हैं। इस संबंध में महामेट्रो और रिक्शा चालक संघों के साथ एक संयुक्त कार्य योजना तैयार की जाएगी। इस योजना में स्टेशनों का निर्धारण, शेड्यूल और यात्रियों की संख्या, यात्री किराए और सुविधाओं का निर्धारण शामिल होगा, यह जानकारी मेट्रो अधिकारियों ने दी।

महावितरण कर्मचारियों की पिटाई; 4 गिरफ्तार

कल्याण. बिजली भुगतान बकाया होने के कारण महावितरण के कर्मचारियों द्वारा घर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। हालाँकि, भिवंडी तालुका के कुंडे गाँव के एक बिजली उपभोक्ता के खिलाफ महावितरण टीम द्वारा कार्रवाई की जा रही थी, जिसने अपने घर से बिजली चोरी करके बिजली आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की थी। इसी दौरान गांव के चार लोगों ने टीम के साथ गाली-गलौज और मारपीट की. इस पिटाई को लेकर महावितरण कर्मचारी ने गणेशपुरी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी है. पुलिस ने मामला दर्ज कर पिटाई मामले में कुंडे गांव के चार लोगों दिनेश नामदेव होगे, नरेश आगीवाले, तुकाराम आगीवाले और शरद पाटिल को गिरफ्तार किया है.

महावितरण के वाडा उपविभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रकाश बेलसरे, उप कार्यकारी अभियंता अविनाश कटकवार के नेतृत्व में सुरक्षा दल भिवंडी के पास कुंडे गांव में बिजली उपभोक्ताओं से बकाया वसूली और बिजली चोरी की जांच कर रहा था.

सावंतवाड़ी तालुका के 13 गांवों में पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध

सावंतवाड़ी.

सावंतवाड़ी डोडामार्ग टास्क फोर्स समिति और सहायक वन संरक्षक, सदस्य सचिव वैभव बोराटे ने बताया है कि बॉम्बे हाई कोर्ट की एक जनहित याचिका के आदेश के अनुसार सिंधुदुर्ग जिले के पूरे डोडामार्ग तालुका और सावंतवाड़ी तालुका के कुल 13 गांवों में पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

पेड़ों की अवैध कटाई को नियंत्रित करने के लिए सावंतवाड़ी - डोडामार्ग टाक्स फोर्स समिति का गठन किया गया है। इस समिति में राजस्व विभाग, वन विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल हैं। इस सावंतवाड़ी-डोडामार्ग टाक्स फोर्स समिति की अध्यक्षता उप प्रभागीय अधिकारी सावंतवाड़ी और सहायक वन संरक्षक सदस्य सचिव के रूप में करते हैं। साथ ही, उपविभागीय पुलिस अधिकारी, तहसीलदार सावंतवाड़ी, डोडामार्ग इस समिति के सदस्य हैं। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार पेड़ों की कटाई रोकने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई, प्रचार-प्रसार एवं प्राप्त शिकायतों की हर माह समीक्षा की जाती है। जैसा कि सावंतवाड़ी-डोडामार्ग टाक्स फोर्स समिति ने निर्णय लिया है, यदि डोडामार्ग तालुका के किसी भी गांव में निजी स्वामित्व वाली या सरकारी भूमि पर कोई पेड़ की कटाई या पेड़ की कटाई देखी जाती है, तो जनता को तुरंत इस घटना के बारे में गांव पुलिस पाटिल, वन रक्षक, तलाथी को सूचित करना चाहिए। जिससे वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर जाकर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। साथ ही नागरिकों को ऐसे जांच मामलों में क्षेत्रीय स्तर पर सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करना चाहिए। इस प्रतिबंधित क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के मामले में महाराष्ट्र वृक्ष कटाई (विनियमन) अधिनियम, 1964 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

औरंगजेब की तारीफ पर बरपा हंगामा

> सपा विधायक अबू आजमी पर भड़के नेता

मुंबई.

सपा विधायक अबू आजमी की ओर से मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ करने पर महाराष्ट्र विधानसभा में मंगलवार को हंगामा मच गया। उन्होंने कहा था कि औरंगजेब का शासन इतना अच्छा था कि उसके दौर में भारत सोने की चिड़िया था। मुंबई के मानखुर्द शिवाजी नगर से विधायक ने दावा किया था, 'हमारा जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) दुनिया का 24 प्रतिशत था और भारत को (औरंगजेब के शासनकाल के दौरान) सोने की चिड़िया कहा जाता था।' महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन 'महायुति' के सदस्यों ने मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने के लिए मंगलवार को सपा के विधायक अबू आसिम आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित करने की मांग की।

इस मुद्दे पर हंगामा इतना बरपा कि कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने दावा किया कि आजमी औरंगजेब के वंशज हैं, जिसने मराठा राजा छत्रपति संभाजी

महाराज को प्रताड़ित किया था और उनकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। भाजपा के अतुल भटकलकर ने मांग की कि आजमी पर राजद्रोह का मामला दर्ज किया जाए और बजट सत्र के लिए उन्हें विधानसभा से निलंबित किया जाए। शिवसेना के मंत्री गुलाबराव पाटिल ने भी आजमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भाजपा लीडर सुधीर मुनगंटीवार ने मांग की कि औरंगजेब की कब्र को ध्वस्त किया जाए। सदस्यों को उग्र होता देख विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

> 'कल टीवी वाले ने मुझसे कहा कि असम के एक नेता ने राहुल गांधी को औरंगजेब की तरह पेश किया है। इस पर मैंने अवध ओझा, राम पुनियानी, राजीव दीक्षित जैसे लोगों की बात को आधार बनाते हुए औरंगजेब को लेकर बात कही। लेकिन मैंने किसी का भी अपमान नहीं किया। छत्रपति शिवाजी, संभाजी महाराज, शाहू जी महाराज, ज्योतिबा फुले समेत सभी का हम सम्मान करते हैं और करना चाहिए। मैंने कभी किसी भी महापुरुष के बारे में गलत बात नहीं की है। फिर भी किसी को लगता है कि मैंने गलत बोला है तो मैं अपनी बात को वापस लेता हूं। असेंबली चलनी चाहिए। ऐसे मामलों पर असेंबली को रोकना महाराष्ट्र की जनता के हितों के साथ अन्याय होगा।

इसके बाद में जब सदन की कार्यवाही फिर से शुरू हुई तो उद्योग मंत्री उदय सामंत ने मांग दोहराई कि आजमी को सदन से निलंबित किया जाए और उन पर राजद्रोह का मामला दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा, 'हम ऐसे व्यक्ति की प्रशंसा बर्दाश्त नहीं कर सकते जिसने छत्रपति शिवाजी महाराज का उत्पीड़न किया और उनके बेटे छत्रपति संभाजी महाराज को प्रताड़ित किया।' हंगामे के बीच शिवसेना उद्धव गुट के सदस्य भास्कर जाधव ने सदन की कार्यवाही के दौरान जारी हंगामे को 'नाटक' बताया। शोरगुल के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही फिर से 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले सोमवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मांग की थी कि छत्रपति संभाजी महाराज को क्रूरतापूर्वक प्रताड़ित करने वाले औरंगजेब की प्रशंसा करने के लिए आजमी पर राजद्रोह का केस लगाया जाना चाहिए। लोकसभा सदस्य नरेश म्हास्के की शिकायत पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के प्रयास के आरोप में सोमवार को उपमुख्यमंत्री के राजनीतिक क्षेत्र ठाणे में आजमी के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई।

सपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष आजमी ने कहा था कि औरंगजेब के शासनकाल में भारत की सीमा अफगानिस्तान और बर्मा (म्यांमार) तक पहुंच गई थी।

विधायक ने दावा किया, 'हमारा जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) (विश्व जीडीपी) 24 प्रतिशत था और भारत को (औरंगजेब के शासनकाल के दौरान) सोने की चिड़िया कहा जाता था।' हाल में आई हिंदी फिल्म 'छावा' में संभाजी महाराज की बहादुरी और बलिदान को दर्शाया गया है।

विपक्ष का नेता : उद्धव ठाकरे ने स्पीकर को भेजा भास्कर जाधव का नाम

मुंबई. उद्धव ठाकरे की शिवसेना- यूबीटी ने विधायक भाष्कर जाधव के नाम की अनुशंसा महाराष्ट्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के लिए की है. उद्धव ठाकरे ने स्पीकर राहुल नर्वेकर को चिट्ठी लिखी है जिसमें भाष्कर जाधव के नाम का प्रस्ताव है. पिछले दिनों जब शिवसेना-यूबीटी की बैठक हुई थी तो आदित्य ठाकरे के नाम की भी चर्चा चल रही थी.

महाविकास अघाड़ी की ओर से नेता प्रतिपक्ष पर फैसला किया जाना बाकी है. हालांकि इससे पहले ही शिवसेना-यूबीटी ने इस पद पर दावा कर दिया है. ऐसे में माना जा रहा है कि कांग्रेस 5 अप्रैल को अपना रुख साफ कर देगी. क्योंकि इसके राष्ट्रीय स्तर के नेता मुंबई आ रहे हैं.

उद्धव ठाकरे ने स्पीकर के नाम चिट्ठी में लिखा, ''मैं महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता पद के लिए भास्कर जाधव के नाम की सिफारिश कर रहा हूं. कृपया अनुशंसा स्वीकार करें.''

बता दें कि नेता प्रतिपक्ष के मुद्दे पर शिवसेना-यूबीटी विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा था, ''यह पद का मुद्दा या हमारे बीच विवाद का मुद्दा नहीं है. हम बजट सत्र में जनता के मुद्दे उठाने जा रहे हैं जहां तक नाम का सवाल आपको कुछ दिनों में पता चल जाएगा.''

धनंजय मुंडे का इस्तीफा नैतिकता के आधार पर: सुनील तटकरे

मुंबई. हम यह पत्र धनंजय मुंडे के इस्तीफे के संबंध में एनसीपी (अजित पवार) पार्टी की स्थिति स्पष्ट करने के लिए जारी कर रहे हैं, एनसीपी पार्टी का शुरू से ही रुख रहा है कि संतोष देशमुख हत्या मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। बीड सहित राज्य भर में हमारी पार्टी के नेताओं ने इस पर बहुत कड़ा रुख अपनाया है। धनंजय मुंडे का आज इस्तीफा देने का फैसला नैतिक है. संतोष देशमुख मामले की जांच बिना किसी दबाव के चल रही है और हमें उम्मीद है कि यह जारी रहेगी और आरोपियों को कड़ी सजा मिलेगी. चूंकि यह मामला न्यायिक मामला है और जांच जारी है, इसलिए इस पर आगे टिप्पणी करना उचित नहीं होगा", एनसीपी ने पत्र में कहा।

PUBLIC NOTICE
Pro. No. 1982 Dt. 27/02/25
IN THE COURT OF 3rd JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION NAGPUR. Room No. 104
M.J.C. Case No. 125/2025
Fixed For 13/03/2025
Applicant : 1) Yeshwant Narsaiyya Kotarwar, 2) Sahebrao Narsaiyya Kotarwar, 3) Asha Arvind Sangawar, 4) Meenakshi Vijay Somawar, 5) Bhaskarrao Narasaiyya Kotarwar (Died) Thr Lrs 5.1) Shashikala Wd/o Bhaskar Kotarwar, 5.2) Sachin Bhaskar Kotarwar, 5.3) Deepali W/o Vijay Atkurwar, 5.4) Swati W/o Ashish Ramgir. --Versus--
Non-Applicants: Nil
Name of Deceased : 1) Narsaiyya Limbaiyya Kotarwar, Died On: 24/07/1995, R/o Plot No. 174, Mahada Colony Near Nandanvan Police Station Nagpur-24.
Whereas **1) Narsaiyya Limbaiyya Kotarwar, Died On: 24/07/1995,** R/o Plot No. 174, Mahada Colony Near Nandanvan Police Station Nagpur-24. and Whereas **Yeshwant Narsaiyya Kotarwar & Oth.** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**
This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Yeshwant Narsaiyya Kotarwar & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **3rd Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **13th Day of March, 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.
Given under my hand and the seal of the court, that **25th day of Feb., 2025.**
Seal — By order of the Court Asstt. Supdt. (T.W.) Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.
Prasanna Publicity 09326927622

PUBLIC NOTICE
Pro. No. 2944 Dt. 20/02/25
IN THE COURT OF 2nd Jt. CIVIL JUDGE SR. DN., NAGPUR. (M.S.) Room No. 606
M.J.C. Case No. 1044/2024
Fixed For 12/03/2025
Applicants : 1) Harvinder Kaur Singh Bhatia & Others -Versus-
Non Applicants: Nil
Name of Deceased :1) Late Harminder Sigh Bhatia, Died On: 08/12/1999, 2) Amarjeet Kaur Harminder Singh Bhatia, Died On: 19/10/2013, Both R/o. Plot No 51, Near Gurudwara, Gurunankpura Ambedkar Marg. Nagpur
Whereas **1) Late Harminder Sigh Bhatia, Died On: 08/12/1999, 2) Amarjeet Kaur Harminder Singh Bhatia, Died On: 19/10/2013,** Both R/o. Plot No 51, Near Gurudwara, Gurunankpura Ambedkar Marg. Nagpur **Died on Nagpur** and Whereas **Harvinder Kaur Singh Bhatia & Others** has presented an application to this court for grant of **Legal Heir Certificate Under Clause 2 of Bombay Regulation VIII of 1827**
This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Harvinder Kaur Singh Bhatia & Others** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **2nd Joint Civil Judge Sr. Dn., Nagpur** on **12th Day of March, 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate on Legal Heir of the said deceased. Given under my hand and the seal of the court, this day of **18th day of Feb., 2025.**
Seal — By order of the Court Asstt. Supdt. (T.W.) Court of Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.
Prasanna Publicity 09326927622

PUBLIC NOTICE
Pro. No. 1780 Dt. 20/02/25
IN THE COURT OF 5th JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION NAGPUR. Room No. 417
M.J.C. Case No. 1095/2024
Fixed For 06/03/2025
Applicant : 1) Shrirang Shirdhar Gavankar, 2) Shalini Shrirang Gavankar, 3) Milind Shrirang Gavankar, 4) Meenakshi Shashimohan Muley, 5) Manjusha Sanjayrao Naik, 6) Manisha Kishor Mahankal, 7) Madhavi Shripad Awadhut. --Versus--
Non-Applicants: Nil
Name of Deceased : 1) Keshav Tatyaji Gavankar, Died On: 27/10/1986, 2) Shantabai Keshavrao Gavankar, Died On: 29/06/1992, Both R/o Raghuji Nagar, Nagpur
Whereas **1) Keshav Tatyaji Gavankar, Died On: 27/10/1986, 2) Shantabai Keshavrao Gavankar, Died On: 29/06/1992,** Both R/o Raghuji Nagar, Nagpur and Whereas **Shrirang Shirdhar Gavankar & Oth.** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**
This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Shrirang Shirdhar Gavankar & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **5th Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **6th Day of March, 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.
Given under my hand and the seal of the court, that **20th day of Feb., 2025.**
Seal — By order of the Court Asstt. Supdt. (T.W.) Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.
Prasanna Publicity 09326927622

मेट्रो CLASSIFIED

NP DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

AVANI SOLAR SYSTEM
GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX
VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietior
AU Avani Udyog
(MSEDCL Approved Vendor)
Office Address
Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001
E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com
Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631
Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

Sabri
Professional DJ & Live Audio Sound Service
:: Booking Show ::
Qawwali, Ghazal. Sugam Sangeet, Jagran, Orchestra, Sufi Night, Celebrity Show, Govt. Meeting, School & College Gatherings, Wedding, Party Shows, Event & All Festival Planings, Trust, Lights, LED Wall.
M. 9503066685
Kharbi Chowk, Nagpur.

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व इंडेलिटी बॅंड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर
M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

नसीब प्रिंटींग प्रेस
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड
शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प
बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब
रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

पाठकगणों को विनम्र सूचना : दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।
विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक
मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088

सुविचार

जितना ज्यादा आप दूसरों के लिए सोचते हैं।
उतना ही आपको अंदर से शांति और खुशी मिलती है।

संपादकीय

विभिन्न देशों में अलग-अलग तारीखों पर होती है रमजान की शुरुआत

❐ रमजान का चांद सबसे पहले कहां दिखता है? इसका जवाब सऊदी अरब है और रोजा रखने वाले अधिकांश मुसलमान इसे जानते भी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि पूरी दुनिया में रमजान के विधिवत शुरू होने में कम से कम 3 दिन का समय लग जाता है. उदाहरण के लिए सऊदी अरब में अगर 28 फरवरी की शाम को रमजान का चांद दिखता है तो भारत में उसके अगले दिन से इसे मनाने की घोषणा की जाती है. इसी तरह इंडोनेशिया में सऊदी के 3 दिन बाद विधिवत रूप से रमजान की घोषणा की जाती है. दरअसल, यह चांद के निकलने और संबंधित देश में दिखने की वजह से यह होता है. रमजान इस्लामी पंचांग का नौवां महीना है और इस्लाम में इसे सबसे पवित्र महीना माना जाता है. इस्लाम का पूरा चक्र सूर्य की वजाय चंद्रमा के गति पर निर्भर करता है. यही वजह है कि रमजान की घोषणा चांद देखने के बाद ही किया जाता है. इस्लामिक कैलेंडर में एक महीना करीब 29 दिनों का होता है और एक साल करीब 355 दिनों का. यह ग्रेगोरियन के कैलेंडर से काफी अलग है, जहां 365 दिनों का एक साल होता है. इस्लामिक कैंलेडर में फेरबदल की वजह से रमजान का महीना हर बार अलग-अलग समय पर पड़ता है. रमजान की घोषणा मुख्यत: तीन बातों पर निर्भर करती है. इन्हीं तीन बातों की वजह से रमजान की घोषणा किसी देश में पहले तो किसी देश में बाद में की जाती है.रमजान का चांद स्थानीय स्तर पर देखा जाता है. सभी देश के लोग कमेटी के जरिए इस चांद को देखते हैं. रमजान के चांद को अर्द्धचंद्र कहा जाता है. यानी अमावस्या के बाद जब चांद पूर्णिमा की तरफ बढ़े. यह चांद सूर्य के ढलने के तुरंत ही बाद दिखता है. कई बार मिस हो जाता है. चांद नहीं दिखने की स्थिति में रमजान महीने की घोषणा नहीं की जाती है. इस्लाम मुख्यत: दो भागों में विभाजित है. एक शिया और दूसरा सुन्नी. शिया और सुन्नी बहुल देश अपने-अपने हिसाब से चांद देखकर रमजान महीने की घोषणा करता है. दोनों ही समुदाय के जिम्मेदार लोग चांद को देखने के लिए काफी मेहनत करते हैं.रमजान का रोजा कब से शुरू होगा, यह परिवारिक नेटवर्क पर भी निर्भर है. सीएनएन से बात करते हुए दक्षिण एशियाई अध्ययन विभाग के प्रोफेसर स्कॉट कुगले कहते हैं- उत्तरी अमेरिका में रहने वाले लोग जिनके परिवार भारत या पाकिस्तान में रहते हैं. वे उत्तरी अमेरिका में तब रोजा रखना शुरू कर सकते हैं, जब पाकिस्तान या भारत में उनके परिवार वाले रोजा रखना शुरू कर दें. चांद पहले या बाद में कब दिखेगा, यह चार फैक्टर पर निर्भर है. एक अक्षांश फैक्टर. जो देश भूमध्य रेखा के करीब है, वहां 12 घंटे में दिन और रात का परिवर्तन होता है. वहां जल्द ही चांद के दिखने की गुंजाइश है. इसी तरह मौसम का भी असर होता है.अगर बादल या बारिश का मौसम है तो चांद नहीं दिख सकता है. ऐसे में उन देशों को अपने यहां रमजान की घोषणा अन्य देशों की तुलना में बाद में करनी पड़ती है. इतना ही नहीं, अक्षांश रेखा के करीब वाले देश के लोगों को सिर्फ 12 घंटे तक ही रोजा रखना होता है.उससे दूर वाले लोगों के समय में बदलाव होता है. ओस्लो के लोगों को सबसे ज्यादा करीब 16 घंटे तक रोजा रखना पड़ता है.

पवित्र महीना माहे रमज़ान विशेष

वरना उसके भ्रष्ट होने से पूरा शरीर भ्रष्ट हो जाता है

एक मांस का टुकड़ा है दिल, जो ईमान और अच्छे कर्मों के कारण स्वस्थ रहता है

डॉ.एम.ए.रशीद, नागपुर

❐ (गतांक से आगे) शरीर के अंगों का रोज़ा रोज़ों के शिष्टाचार में शरीर के हाथ पैर और दूसरे अंगों को गुनाहों से रोकना और ऐसे खाने, भोजन से बचाना जिसके बारे में अवैध यानी कि हराम होने की आशंका, अंदेशा भी हो। ध्यान देने योग्य बात है कि हराम, निषिद्ध आय से जानबूझकर इफ़्तार और सहरी खाना जायज़ नहीं है। इसी तरह साल भर में कभी भी निषिद्ध, हराम आय न तो जायज़ है और न ही उसके उपयोग से किसी भी तरह के खर्चे जायज़ हैं, चाहे उसमें सहरी, इफ़्तार ही क्यों न आए. हदीस मुबारक में आता है कि बंदा जब हराम कौर, निवाला, लुक़्मा पेट में डाल लेता है तो चालीस दिनों तक उसका कोई अमल और गतिविधियां स्वीकार नहीं होती।

इसलिए हर व्यक्ति के लिए परम आवश्यक है कि वह आय के निषिद्ध, हराम स्रोतों को छोड़कर आय के हलाल और वैध स्रोतों को अपनाए। यदि उसके पास वर्तमान में पर्याप्त हलाल जीविका अर्थात वैध धन नहीं है जिससे वह अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके तो उसे ब्याज रहित ऋण लेकर अपना और अपने परिवार के लिए खान-पान, सहरी और इफ़्तार की व्यवस्था करना चाहिए जो जायज़ है. यहां यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि जब वह ऋण अदा करे तो वैध हलाल धन से ही उसे अदा करे. निषिद्ध आय से ऋण चुकाना जायज़ नहीं है. कोई बंदा रोज़े की स्थिति में पूरे दिन हलाल, वैध खाना न खाते हुए भूखा रहे और फिर इफ़्तार करे तो हराम अर्थात निषिद्ध खाने से! तो ऐसी स्थिति में क्या रोज़ा क़ुबूल हो जाएगा? ऐसे रोजेदारों की मिसाल उस इंसान की तरह है जो महल तो बनाए लेकिन पूरे शहर को ढाह दे. रोज़ा कम खाने का प्रशिक्षण करता है. वह बंदा बहुत मूर्ख, बेवकूफ़ होगा जो हानि से बचने के लिए अधिक दवा तो नहीं खाएगा लेकिन आश्चर्य कि वह ज़हर खाले. निषिद्ध, हराम खाना ख़तरनाक ज़हर है, जो धर्म को नष्ट और बर्बाद कर देता है। वैध, हलाल खाना दवा के समान है. इसका कम खाना फायदेमंद है और ज़्यादा खाना हानिकारक है.अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि "कितने ही रोज़ेदार हैं जिन्हें अपने रोज़े से भूख और प्यास के सिवा कुछ नहीं मिलता.कुछ लोगों का कहना होता है कि ये वे रोज़ेदार हैं जो कोई वर्जित यानी कि हराम भोजन से रोजा इफ़्तार करते हैं। कुछ लोगों ने कहा है कि इसका मतलब यह है कि ऐसा बंदा जो रोज़े के दौरान हलाल भोजन से तो रुका रहे परन्तु लोगों का मांस खाता रहे, अर्थात् चुगली करता रहे, जो कि वर्जित है. कुछ की राय ये है वह व्यक्ति है जो अपने शरीर को पाप से न बचाए.वैध, हलाल जीविका अर्थात रिज़्क़ पांचवा शिष्टाचार है कि इफ़्तार के समय वैध और हलाल खाना भी कम ही खाया जाना चाहिए। इतना न खाया जाए कि पेट फूल जाए. इसलिए अल्लाह के नजदीक गले तक भरे हुए पेट से ज़्यादा ना पसंद कोई भर जाने वाली चीज़ नहीं है. यहां तक कि भोजन, वैध, हलाल हो। रोज़ेदार को ऐसी चीज़ों के पास नहीं जाना चाहिए जो उसके लिए निषिद्ध चीज़ों का द्वार खोलती हों। विद्वान लिखते हैं कि जब कोई व्यक्ति अपने आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन के सभी पहलुओं में अपनी आवश्यकताओं से संतुष्ट रहता है, यानी वह केवल उतना ही कमाता है जिससे कि वह लाभ उठा सके और उतना ही खाता है जितना उसके अस्तित्व और सम्मान को बनाए रखने के लिए आवश्यक है, तो ऐसा व्यक्ति अपने धर्म में सभी खतरों से सुरक्षित रहता है। जब कोई व्यक्ति आवश्यकता की सीमाओं को पार करने की कोशिश करता है, तो वह घृणित कार्यों में प्रवेश करता है, इस हद तक कि लालच और वासना उसे घृणित कार्यों की सीमाओं से बाहर निकालकर निषिद्ध चीजों के दायरे में ले जाती है, जिसके परिणामस्वरूप उसका अगला कदम ईमान के दायरे पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर देता है। हमें याद रखना चाहिए कि इंसान के शरीर में एक मांस टुकड़ा है। ईमान और अच्छे कर्मों के कारण वह स्वस्थ रहता है, जब वह स्वस्थ रहता है तो पूरा शरीर स्वस्थ रहता है। जब वह टुकड़ा भ्रष्ट हो जाता है, तो पूरा शरीर भ्रष्ट हो जाता है। मालूम होना चाहिए कि वह मांस का टुकड़ा दिल है। विद्वान लिखते हैं कि इस तरह की एक मुबारक हदीस में अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने अंत में दिल का उल्लेख किया है। हदीस के शुरू में हलाल, हराम और संदिग्ध चीज़ों का ज़िक्र मिलता है है. इस क्रम से यह स्पष्ट है कि हृदय की पवित्रता और स्वच्छता के लिए यह आवश्यक है कि व्यक्ति हलाल (वैध) चीजों पर ही संतुष्ट रहे। अपने आप को निषिद्ध और संदिग्ध चीजों से दूर रखे. शैतान पर नियंत्रण पाने और शहवत का ज़ोर तोड़ने में रोज़े से क्या मदद मिलेगी, अगर रोज़ेदार इफ़्तार के वक्त दिन भर की भूख प्यास की क्षतिपूर्ति कर दे और एक समय में इतना खा ले जितना कि दिन भर में खाता था. इफ़्तार के समय खाने पीने की चीज़ें भी बहुत अधिक हुआ करती हैं, इस तरह से यह कहने में अतिशयोक्ति ना होगी कि रमजान के दिनों में अच्छे और स्वादिष्ट व्यंजन इससे अधिक खाए जाते हैं कि साल के अन्य दिनों में भी इसमें व्यंजन नहीं खाए जाते। स्पष्ट है कि रोज़े का उद्देश्य तो खाली पेट रहने और इच्छाशक्ति को नियंत्रित करने से है जिससे कि इच्छा शक्ति में तक़्वा पैदा हो। अब अगर कोई सुबह से शाम तक पेट खाली रखे फिर स्वादिष्ट व्यंजनों से खूब पेट भर ले तो इच्छा शक्ति की इच्छाएं दोगुनी हो जाएंगी। और ऐसी इच्छाएं भी जागृत हो जाएंगी जो रोज़ा ना रखता तो ना उभरतीं। उत्तम यही होगा कि रात को भी अपना पेट इतना खाली रखें कि नमाज़े तरावीह, तहज्जुद और वज़ीफ़ों में आसानी हो सके । शैतान और इच्छाशक्ति दिल के पास न फटक सके। सिर्फ पेट का खाली रखना ही काफ़ी ना होगा जब तक कि रोज़दार अपनी सोच और इरादे को अल्लाह के अलावा हर उद्देश्य और मक़सद से खाली न कर ले.

आलेख

डॉ. जयेश तिमाने

भारतीय समाज में मोटापे के लिए स्वास्थ्य संकट और समाधान

❐ एक अंतः रुग्ण औषधोपचार और अतिदक्षता विभाग विशेषज्ञ होने के नाते मै भारतीय समाज में तेजी से बढ़ रही स्थूलता यानी मोटापा की गंभीर समस्या को प्रत्यक्ष रूप से देख रहा हूँ। पिछले कुछ वर्षों में यह समस्या पूरे देश में हानिकारक रूप से बढ़ी है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग 41 प्रतिशत वयस्क और 20 प्रतिशत बच्चे ज्यादा वजन या स्थूलता की श्रेणी में आते हैं। यह स्थिति केवल आँकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य पर इसके गंभीर प्रभाव देखे जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान के अनुसार, आने वाले वर्षों में यह समस्या और भी बढ़ने की संभावना है। मोटापा कई कारकों, जैसे कि आपका रोजाना व्यवहार, पर्यावरण और आनुवंशिक कारणों से उत्पन्न होता है। भारत के शहरी क्षेत्रों में तथाकथित समृद्ध जीवन शैली के कारण अत्यधिक चीनी, हानिकारक वसायुक्त प्रोसेस्ड फूड का सेवन बढ़ा है। इसके अलावा, तकनीकी विकास और वर्क फ्रॉम होम जैसी व्यवस्था ने सभी आयु वर्ग में शारीरिक गतिविधियों को कम कर दिया है। पहले जहाँ संतुलित आहार और सक्रिय जीवनशैली भारतीय संस्कृति का एक हिस्सा थे, वहीं अब सुविधाओं और आरामदायक जीवनशैली के कारण यह पिछड़ता जा रहा है। मोटापा की वजह से निर्माण होने वाले स्वास्थ्य प्रभावों को समझना जरुरी हैं। यह कई घातक बीमारियों का कारण बन सकता है, जिनमें मधुमेह (टाइप 2), उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन), हृदय रोग और दिल का दौरा, कुछ प्रकार के कैंसर शामिल हैं। इसके अलावा, मोटापा मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जिससे तनाव, अवसाद और आत्मविश्वास की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए, वजन बढ़ने से पहले ही अपने शरीर और स्वास्थ्य का नियमित रूप से मूल्यांकन करना आवश्यक है। आत्म-मूल्यांकन करना इसमें बेहद जरुरी हैं। स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से अपने वजन की जांच करना जरूरी है। इसके लिए बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) मापना एक अच्छा तरीका है। इसे मापने का तरीका गूगल पर उपलब्ध हैं। बीएमआई 25 से 29.9 के बीच हो तो व्यक्ति अधिक वजन की श्रेणी में आता है। बीएमआई 30 या उससे अधिक होने पर व्यक्ति स्थूलता से ग्रसित माना जाता है। इसके साथ ही कमर की परिधि मापने से मोटापे का भी अनुमान लगाया जाता है। पुरुषों के लिए कमर की माप 90 सेमी से अधिक और महिलाओं के लिए 80 सेमी से अधिक होना स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना जाता है।

बढ़ते वजन के बारे में डॉक्टर से कब सलाह लें ?

❐ यदि अचानक वजन बढ़ रहा है, थकान, जोड़ों में दर्द, उच्च रक्तचाप या मधुमेह के लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सा सलाह लें। समय पर उपचार से मोटापे से संबंधित जटिलताओं को रोका जा सकता है। मोटापे के खिलाफ लड़ाई के लिए आधुनिक चिकित्सा ज्ञान और सांस्कृतिक दृष्टिकोण का संयोजन जरूरी है। इसके लिए स्वस्थ जीवनशैली और पौष्टिक आहार के महत्व पर जन जागरूकता अभियान और शिक्षा सत्र आयोजित किए जाने चाहिए।लोगों को व्यायाम के लिए प्रेरित करने हेतु सामूहिक फिटनेस समूह, वॉकिंग क्लब और योग कक्षाएं शुरू की जानी चाहिए। मोटापे से निपटना सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें व्यक्तियों, समाज और स्वास्थ्य प्रणाली को मिलकर काम करना चाहिए। स्वस्थ जीवन, जागरूकता और पारंपरिक मूल्यों को अपनाकर हम सभी के लिए स्वस्थ भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

कहानी

अर्जुन प्रसाद

निराशा

❐ वैशाख का महीना था और गर्मी का दिन। सेलहरा गाँव के शंभू कोरी के दुर्गा और शंकर नाम के दो पुत्र थे और एक छोटी पुत्री सुरभि। दुर्गा बिल्कुल भी पढ़ा-लिखा न था। यह भी समझ सकते हैं कि वह बहुत ही मोटी बुद्धि का आदमी था। वह अपने माँ-बाप के साथ खेतीबाड़ी का काम-धंधा करता था। शंकर बारहवीं कक्षा पास करने के बाद कालेज में बी.ए. कर रहा था। दुर्गा का विवाह तो हुआ ही था शंकर की शादी भी हो चुकी थी परंतु उसका गौना न आया था। उसकी पत्नी अभी अपने मायके में ही थी। सुरभि अभी 6-7 साल की थी। वह अभी एक नादान बालिका थी। उसे सांसारिकता को कोई ज्ञान न था। दुर्गा बहुत ही सीधा-सादा और माता-पिता का आज्ञाकारी पुत्र था। वह बिल्कुल सज्जन भी था। '

कोई उसे कुछ भी कहता रहे वह पलटकर जवाब तक न देता था। शंकर को अपने पढ़े-लिखे होने का बड़ा नाज था। वह खेतीबाड़ी का काम करके माँ-बाप का हाथ बँटाना कतई पसंद न था। वह बहुत चालाक, हठीला और घमंडी भी था। खेतों की जुताई-बुआई का काम दुर्गा ही करता था। वह सुबह से शाम तक नाना प्रकार के घरेलू कामों ही लगा रहता था। साथ ही उसकी पत्नी पारो भी दिन-रात उन्हीं कामों में व्यस्त रहती थी।एक ओर जहाँ कुछ माता-पिता अपने योग्य और कुशल, बड़े पुत्र को बहुत चाहते हैं वहीं दूसरी ओर कुछ गिने-चुने माँ-बाप ऐसे भी होते हैं जो अपने बड़े पुत्र को यह सोचकर उसकी उपेक्षा करते हैं कि अब वह कमाने के योग्य हो गया है। उसके बारे में चिंतित रहना मूर्खता है। अब उसे उलटे हमारी खोज-खबर लेनी चाहिए। बुढ़ापे में हमारी मदद करनी चाहिए।ऐसे माता-पिता अपने अयोग्य, मोटे दिमाग वाले बेटे को ही अधिक महत्व देते हैं। वे उसे ही अपनी एकमात्र संतान मानते हैं। उनकी नजर में अपने बड़े पुत्र का कोई महत्व नहीं होता है। सामाजिक और नैतिक दृष्टि से अपने ही बच्चों में इस तरह का भेदभाव करना गलत है।

इससे बच्चों में हीन और वैरभाव उत्पन्न हो जाती है। लेकिन यहाँ बात कुछ उलटी ही थी। पढ़ाई-लिखाई के चलते शंभू और उनकी पत्नी सुभागी छोटे बेटे को बहुत चाहते थे। उनकी निगाह में दुर्गा बिल्कुल कायर, बेवकूफ और बेकार था। उनके लिए वह एकदम निकम्मा युवक था। इतना ही नहीं वे खान-पान और वस्त्र आदि में भी अपने दोनों बेटों में फर्क रखते थे। दुर्गा को मोटा-महीन पहनने को मिलता तो शंकर को बढ़िया-बढ़िया वस्त्र पहनने को मिलते थे। यह बात दुर्गा को तो न अखरती थी मगर उसकी पत्नी पारो को यह हरगिज पसंद न था। दोनों भाइयों के बीच यह भेदभाव देखकर उसका जी ऊब गया। उसने अपने सासु-ससुर का बहुत विरोध किया।

उसने कई बार अपनी सासु को टोका भी किन्तु पति-पत्नी पर उसकी नाराजगी का कोई असर न पड़ा। यह अन्याय सहन करते-करते जब पानी सिर से गुजरने लगा तो अपना कोई वश न चलने पर पारो ने अपने पति दुर्गा को ही उकसाना शुरू कर दिया। वह दिन-रात उसका कान भरने लगी। वह आए दिन उससे कहने लगी-स्वामी! आप सासु-ससुर जी से क्यों कुछ कहते नहीं? चुपचाप कायरों की भाँति उनकी उँगलियों पर नाचते-फिरते हैं।

कविता

बटुक चतुर्वेदी

छींटे रंग गुलाल के

हमें न पतझड़ जानिए, हम हैं ललित वसंत,
झांको अन्तर में तनिक, भूल जाओगे पंथ।
जाओगे कभी नहीं फिर अंत।।
संस्मरणों में आपके, कसकन अति गंभीर,
कविताओं में खींचते, यौवन की तस्वीर।
समझता कोई न अपनी पीर।।
अपना मालव देश भी, कैसा गहन गंभीर, घोर उपेक्षा झेल कर, छोड़ न पाता धीर।
बदलती घूड़े की तकदीर।।
नीरज धीरज धरिए, अब वैसे दिन नहीं,
जिस द्वारे पर जा डटें, वह ही देय पनाह।
बुढ़ापे में जवानों सी आह।।
परसाई के व्यंग्य हैं, ज्यों भीलों के बाण, ठीक निशाने पर लगें, हरे न लेकिन प्राण।
बंद कमरे में सकल जहान।।
खूब बुझाई आपने, अपने मन की प्यास,
मगर न होती तृप्ति सो, मनवा रहे उदास।
बदलते रहे रोज गिलास।।

बनारस आने के लिए बलिया स्टेशन पर बैठा हूं!

❐ हरिहरनाथ ढाई घंटे लेट है. पास में एक दम्पत्ति बैठे हैं अपने 2 बच्चों के साथ । चूंकि ट्रेन के आने अभी लेट है इसीलिए ये दम्पति भारतीय परंपरा के अनुसार प्लेटफार्म पर चद्दर डाल कर आराम से बैठ गए है। पूछने पर मालूम चला की इनका नाम बाबूलाल है ये अम्बाला में फैक्ट्री में काम कर अपना जीवन यापन करते है। पलायन का दर्द इनके चेहरे पर साफझलक रहा है. रोड पर बाजेवालों को देख अचानक अपने पत्नी से बोल पड़े "ओह्हो, अरे देखो ना, मंगरु के लईका का बारात है शुक को, बचपने से कहता था की चाचा आप हमारे बाराती चलेंगे न?? आ अब बारात आयी तो हमारी छुट्टी ख़तम! पत्नी ने भी उदासी से कहा " बताइये ना हमेशा टेम्पू पकड़ाने वही न आता है बेचारा साइकिल पर सब झोरा झक्कड़ बांध के, आ ओकरो बारात छोड़ना पड़ा बाबूलाल बेचारे उदास होकर बोले ''ई पापी पेट, जवन न करादे! घर दुआर त छूटिये रहा है, अब रिश्ता नाता पर भी दरार आने लगा "पत्नी ने समर्थन करते हुए हो कहा " ऊ छोड़िये ना, घर पर माई कह रही थी की अब बाबुओ जी अकेले हाफ जा रहे हैं, मड़ई मनई के बिना अधूरी लगती है ,खेत खलिहान भी अब अकेले नहीं सम्भल रहा है!पति ने भी पत्नी के दर्द को समझते हुए कहा " हा भाई हम जानते है, माई बाबू को अब सेवा की जरूरत है लेकिन का करे बिना पईसा के भी तो कुछ नहीं होगा ,आ खेती की स्थिति इस देश में क्या है देख ही रही हो?? इसी बीच उनका बेटा जो दोनों की बातों को बड़े गौर से सुन रहा था बोल पड़ा "ए पापा, ई आपकी फैक्टरिया गाँव ही रहती तो कितना मज़ा आता नू?? " गाँव के सब लोग पईसा भी कमाते और मज़े में एक साथ यही रहते ।यहाँ क्यों नहीं फैक्ट्री है पापा?? बाबूलाल निरुत्तर है और असल में उन्होंने कभी ऐसा सोचा ही नहीं इनकी तमाम उम्र तो बस यूं ही आने-जाने में गुजर गयी. बस अपने बेटे के संतुष्टि के लिए इतना ही कह पाए की "ओतना व्यवस्था यहाँ नहीं मिल सकता लेकिन बच्चे के सवाल से हम कैसे निरुत्तर हो सकते है? हमारी सरकारें कैसे शांत रह सकती है? आखिर गाँवों के और कितने लोग यूं ही अपना घर- बार, परिवार, समाज छोड़कर झुग्गी झोपड़ियों में जीते रहेंगे? हम अगर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में विफल रहे है, तो क्यों नहीं निजी और असंगठित क्षेत्र के कर्मियों के लिए ऐसे प्रावधान लाये जिनसे उन्हें दयनीय जिंदगी जीने पर मजबूर न होना पड़े! ऐसे बहुत सारे फालतू विचार मेरे मन में घूमने लगे इसी बीच अनाउंसमेंट हुआ "एक पैंतालिस तेईस, बरौनी से चलकर अम्बाला को जानेवाली हरिहरनाथ एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर एक पर आ रही है प्लेटफार्म पर एक हलचल मच गयी, सब लोग इधर से उधर भागने लगे, बाबूलाल भी चद्दर समेट कर बैग में डालते हुए.

लघुकथा

सन्नाटे में अकेला

❐ रात का समय था, यही कोई नौ साढ़े नौ का. यह कोई बहुत गहरी रात नहीं थी, कि सन्नाटा पसर जाए। पर इन दिनों रात तो क्या दिन में भी सड़कों पर वीरानगी छायी रहती है।डिक्शनरी में रहे होंगे लेकिन लोक डाउन, क्वारंटिन, आइसोलेशन जैसे कुछ शब्द नये की तरह इन दिनों ज्यादा ही प्रचलित है। वह अकेला था सड़क पर। रात थी लेकिन सडक बत्ती की रौशनी चारों ओर थी। रंग से सांवला और कद - काठी से दुबला और लगभग वजन शून्य वह ठीक से चल भी नहीं पा रहा था, लगा कि शराब पीये घूम रहा है। फिर याद आया लोक डाउन में सब बंद है। ठीक से न चल पाने का "शराबी" कारण पिघल कर बह चुका था।

कोशिश करके उसने खुद को मंदिर की तरफ धकेला। मंदिर के कपाट बंद है, आज से नहीं पिछले बीस दिन से बंद है। मंदिर की तरफ देखते वह कुछ देर खड़ा रहा। वह कुछ बुदबुदाया और आवाज को 'पहुंच गई' मानकर, अपने को सम्हालते वह आगे बढ़ गया। हमारे घर के सामने वह फिर रुका। 'भूखा होगा बेचारा' श्रीमती ने कहा और छत से नीचे उतरकर खाना निकालने चली गयी. वह फिर आगे बढ़ गया। सीढियां चढ़ते हुए तालाब तक पहुंच गया। चौरे पर बैठा, कुछ देर सोया भी। नीचे उतरकर दूसरे मंदिर की तरफ बढ गया। इस बार वह बुदबुदाया नहीं। आवाज भीतर ही टूट कर बिखर गई थी। श्रीमती खाना लेकर आ गई थी और मैं खाना लिए खड़ा था। वह हमारे घर के सामने था। मैंने आवाज लगाकर पूछा खाना खाओगे? वह हमें देखता खड़ा रहा और देखते देखते ही आगे निकल गया।भूख लगी होगी तो वापिस आयेगा',हम दोनों ने सोचा और कुछ देर वहीं खडे रहे।उसे नहीं आना था, वह नहीं आया।कहीं किनारे खडा होगा' ऐसा विचार कर मैं थोडा आगे बढा। आस पास वह कहीं नहीं दिखाई दिया। वह भूखा तो था, पर शायद भोजन का नहीं, किन्हीं अपनों के द्वारा छोड दिये जाने से उपजे निपट अकेलेपन का।

क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स


डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक: फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, बुधवार, 5 मार्च 2025

जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

4 मार्च को 'लाइनमैन दिवस' उत्साह से मनाया

चंद्रपुर, सुनील तायडे

केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार विद्युत व्यवस्था में अदृश्य रूप से विद्यमान 'बिजली' को बनाए रखने, विद्युत आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने, प्रदेश व देश को उन्नति के शिखर पर ले जाने तथा लोगों के जीवन में उजाला लाने के लिए दिन-रात काम कर रहे विद्युत क्षेत्र के पुरुष व महिला तकनीकी कर्मचारियों यानि लाइनमैनों को गौरवान्वित करने के लिए, महावितरण के चंद्रपुर मंडल के सभी 29 उप-विभागों में 4 मार्च को पूरे देश में 'लाइनमैन दिवस' के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अभियंता हरीश गजबे ने सभी को लाइनमैन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, "समृद्धि, विकास, संबंध, प्रकाश, ग्राहक संतुष्टि महावितरण का लक्ष्य है।" आयोजित कार्यक्रमों में सभी को बिजली सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

उन्होंने कहा कि, लाइनमैन महावितरण की बिजली वितरण प्रणाली में एक बहुत ही महत्वपूर्ण तत्व हैं! जनमित्र गर्मी, हवा, बारिश और अन्य अत्यंत कठिन परिस्थितियों में ग्राहकों को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति के लिए 24 घंटे, वर्ष के 365 दिन निर्बाध सेवा प्रदान करते हैं।

कभी-कभी, वे चंद्रपुर की चिलचिलाती गर्मी को सहन करते हैं, बाढ़ में तैरते हैं, और मूसलाधार बारिश में अपना कर्तव्य निभाते हैं। मुझे गर्व है कि महावितरण का 'मुख्य आधार' चंद्रपुर जिले और गढ़चिरौली जिले के जंगलों जैसी चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों में लोगों के जीवन में रोशनी लाता है। अपने जीवन की गुणवत्ता का ख्याल रखें और मरम्मत कार्य में सुरक्षा से समझौता न करें। क्योंकि अगर आपका परिवार घर पर आपका इंतजार कर रहा है, लाइनमैन महावितरण की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।"

मुख्य अभियंता ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने उपभोक्ताओं के लिए अभय योजना, मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना, सौर कृषि पंप योजना, सोलर रूप टॉप आदि को केंद्र सरकार के निर्देशानुसार पूरा करने की अपील की। संध्या चिवंडे, अधीक्षक अभियंता चंद्रपुर विद्युत मंडल ने लाइनमैन दिवस के अवसर पर सभी तकनीकी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं और सभी इंजीनियरों को नई योजनाओं को लागू करने के निर्देश दिए और चंद्रपुर मंडल के भीतर बिजली बिल वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में चंद्रशेखर दवेकर, कार्यकारी अभियंता चंद्रपुर मंडल, विकास शहाडे, कार्यकारी अभियंता (प्रशासन), सुशील विखर, सहायक महाप्रबंधक (एमएस) (प्रभारी) चंद्रपुर मंडल, राकेश बोरीवार, वरिष्ठ प्रबंधक चंद्रपुर मंडल उपस्थित थे। लाइनमैन दिवस के अवसर पर तकनीकी कर्मचारी प्रेमानंद खंडाले, सरोजिनी लोखंडे और राहुल डांगे ने अपने विचार व्यक्त किए।

लाइनमैन के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए आयोजित इस लाइनमैन दिवस पर उपविभाग 1 के अंतर्गत सभी अभियंता राजेश खडसे, विजय राठोड, साहिल टाके, पराग हलमारे, प्रवीण शेंडे, प्रशांत ठाकरे, राहुल तिलसुडे आशीष बोरकर, कदयम मदाम, राहुल गाडे, मनीष बाटमवार उपस्थित थे।

चंद्रपुर, गोंडपिपरी, राजुरा, पोंभुर्णा, बल्लारशा, जिवती, गढ़चिरौली, अलापल्ली, वरोरा और कई अन्य स्थानों पर लाइनमैन दिवस मनाया गया और सभी ने सुरक्षा शपथ ली।

राजुरा में राजमार्ग निर्माण से किसानों की खेतों तक पहुंच अवरुद्ध

चंद्रपुर, सुनील तायडे

राजुरा से हैदराबाद की ओर जाने वाले नए राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य ने राजुरा तालुका के तीन गांवों- देवाड़ा, खिरडी और सिद्धेश्वर के किसानों के बीच गंभीर चिंता पैदा कर दी है। किसानों ने दावा किया है. राजमार्ग के किनारे 12 से 17 फीट ऊंची कंक्रीट की दीवार के निर्माण से उनकी कृषि भूमि तक पहुंच अवरुद्ध हो रही है, जिससे उनकी आजीविका पर असर पड़ सकता है।

अरुण निमजे और अन्य प्रभावित किसानों द्वारा जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, राजमार्ग का निर्माण सड़क के पूर्वी हिस्से में हो रहा है, जो एक वन क्षेत्र की सीमा पर है। पश्चिमी हिस्से में ग्रामीणों के स्वामित्व वाली कृषि भूमि है। ऊंची कंक्रीट की दीवार और दीवारों के बीच मिट्टी से भरी सड़क ने खेतों तक पहुंचने के सभी रास्ते प्रभावी रूप से बंद कर दिए हैं। इसके अलावा, पश्चिमी हिस्से में एक बड़े नाले की मौजूदगी ने वैकल्पिक पहुंच को बाधित करके समस्या को और बढ़ा दिया है।

किसानों ने सुझाव दिया है कि दीवार केवल पूर्वी हिस्से में बनाई जाए, जबकि पश्चिमी हिस्से को उनके खेतों तक जाने के लिए खुला छोड़ दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे इस समाधान पर विचार करें ताकि उनकी कृषि गतिविधियों में बाधा न आए और आजीविका का नुकसान न हो।

पूर्व सांसद नरेश पुगलिया ने भी हस्तक्षेप करते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक अभिजीत जिचकर को एक पत्र सौंपा है, जिसमें किसानों की दुर्दशा को उजागर किया गया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य किसानों को उनके खेतों तक पहुँचने में बाधा उत्पन्न कर रहा है, जो राजमार्ग से सटे हुए हैं। ज्ञापन में आगे उल्लेख किया गया है कि कई किसानों ने इस तरह की शिकायतें दर्ज कराई हैं, जिसमें इस मुद्दे को हल करने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

प्रभावित किसानों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि वे संबंधित अधिकारियों से बात करके सौहार्दपूर्ण समाधान निकालें। उन्होंने अपनी आजीविका की सुरक्षा और आगे की कठिनाई को रोकने के लिए अपने खेतों तक व्यावहारिक पहुंच मार्ग की आवश्यकता पर बल दिया।

एबेकस में ग्रीन सिटी 4 के छात्रों की शानदार सफलता

चंद्रपुर.

गोटाल पांजरी शाखा ग्रीन सिटी 4 के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की एबेकस प्रतियोगिता में शानदार सफलता हासिल की। गणित में विद्यार्थियों की गति बढ़ाने के लिए ऊर्जा ब्रेन अरिथमेटिक छठी राष्ट्रीय स्तरीय एबेकस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में भारत से 1300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता की रोमांचक बात यह रही कि, छात्रों ने मात्र 6 मिनट में 70 गणित की समस्याएं हल कर दीं।

इस प्रतियोगिता में ग्रीन सिटी 4, गोटाल पांजरी शाखा के 23 छात्रों ने भाग लिया और 5 छात्रों ने खिताब जीता।

अंशिका चौधरी - प्रथम रनर अप

रितुजा संभारे - प्रथम रनर अप

जीविका नखाटे - प्रथम रनर अप

सानिका लिचाड़े - द्वितीय रनर अप

श्लोक खड़गी - दूसरे रनर अप

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को शाइनिंग स्टार पुरस्कार और भागीदारी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

पुरस्कार समारोह नागपुर रॉयल्स, मां गंगा सेलिब्रेशन हॉल में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. संजय भेंडे, अध्यक्ष, नागपुर नागरी सहकारी बैंक लिमिटेड, मोहन नाहटकर, सचिव, एम.पी. एजुकेशन सोसायटी, अर्चना नाहटकर और ऊर्जा एबैकस के संस्थापक हितेश आदम और रोशन काले उपस्थित थे।

छात्रों की इस उल्लेखनीय सफलता का सारा श्रेय ग्रीन सिटी 4, गोटाल पांजरी शाखा की शिक्षिका विशाखा रामटेके और छात्रों के माता-पिता को जाता है।

उर्जा अबेकस परिवार की ओर से सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई!

चंद्रपुर की लाल मिर्च यूरोप के बाजार में मचा रही धूम

चंद्रपुर.

अगर हम महाराष्ट्र को देखें तो कोल्हापुर की लाल मिर्च प्रसिद्ध है। लेकिन अब चंद्रपुर मिर्च कोल्हापुर मिर्च को अच्छी प्रतिस्पर्धा दे रही है। चंद्रपुर की इस मिर्च ने यूरोपीय लोगों की आंखों में आंसू ला दिए हैं। यूरोप से इन मिर्चों की बढ़ती मांग के कारण, चंद्रपुर मिर्च को बड़ी मात्रा में यूरोप में निर्यात किया जाएगा, इससे किसानों को भी काफी लाभ होगा।

चंद्रपुर जिले में मिर्च का उत्पादन बड़ी मात्रा में हो रहा है। चंद्रपुर में मिर्च की विभिन्न किस्मों की खेती की जा रही है। चंद्रपुर जिले के कोरपना और राजुरा तालुका में कपास और सोयाबीन की खेती की जाती थी, मुख्य फसलें कपास और सोयाबीन थीं। हालाँकि, अब किसान मिर्च की खेती की ओर भी मुड़ गए हैं।

चंद्रपुर में मिर्च की खेती पारंपरिक तरीके से की जाती थी। लेकिन उसकी मांग नहीं थी। एक स्थिति यह थी कि इस मिर्च को उचित दाम भी नहीं मिल रहा था। इस संबंध में, कृषक स्वराज कृषक उत्पादक कंपनी ने राजुरा और कोरपना तालुका में मिर्च उत्पादकों को आधुनिक तरीके से मिर्च की फसल उगाने के लिए प्रोत्साहित किया। महत्वपूर्ण बात यह है कि कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को यूरोपीय मानकों के अनुसार मिर्च की फसल पैदा करने के बारे में मार्गदर्शन दिया। इसलिए पहली बार कोरपना तालुका में 850 हेक्टेयर और राजुरा तालुका में 300 एकड़ में मिर्च की खेती की गई। मिर्च की खेती यूरोपीय मानकों के अनुसार की गई है।

कृषक स्वराज कृषक उत्पादक कंपनी के मार्गदर्शन में, हानिकारक रसायनों के उपयोग को कम करके अवशेष मुक्त मिर्च का उत्पादन करने के लिए राजुरा तालुका में एक पायलट प्रयोग किया गया। पहले वर्ष प्रयोग में भाग लेने वाले चार किसानों की मिर्च बंगलौर में आयोजित परीक्षण में यूरोपीय बाजार के कड़े गुणवत्ता मानकों पर खरी उतरी हैं।

इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, तीन किसानों - स्वप्निल जुरमुरे, चंद्रकांत पिंपलकर और दिनकर दाहुले - का मिर्च उत्पादन यूरोपीय बाजार में प्रवेश कर गया है। इससे चंद्रपुर जिले की लाल मिर्च वैश्विक बाजार में उपलब्ध हो सकेगी। कृषक स्वराज किसान उत्पादक कंपनी के प्रयासों से चंद्रपुर जिले के कोरपना और राजुरा तालुका के मिर्च उत्पादक वैश्विक बाजार तक पहुंच गई हैं।

प्रारंभिक अवस्था में बांस क्षेत्र का उज्ज्वल भविष्य : वी. गिरिराज

चंद्रपुर.

उद्योग और रोजगार सृजन की अपार संभावनाओं वाले बांस क्षेत्र के विकास के लिए आपसी समन्वय और सहयोग के साथ योजनाबद्ध तरीके से काम करना जरूरी है क्योंकि पर्यावरण अनुकूल बांस क्षेत्र में आने वाले समय में सकारात्मक सामाजिक और आर्थिक बदलाव लाने का उज्ज्वल भविष्य है, ऐसा कहना है सेवानिवृत्त चार्टर्ड अधिकारी और महाराष्ट्र बांस प्रमोशन फाउंडेशन के सीईओ वी. गिरिराज का.

वे चंद्रपुर के नव स्थापित बांस एसोसिएशन, बांस उद्यमियों, बांस प्रौद्योगिकी डिप्लोमा धारकों, बांस किसानों, बांस मित्रों और बांस शिल्पकार संघ के पदाधिकारियों के एक समूह की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे, जो वन विश्राम गृह, रामबाग में आयोजित की गई थी। प्रशासनिक और बांस क्षेत्र में अपनी लंबी सेवा के विभिन्न अनुभवों का हवाला देते हुए उन्होंने आगे कहा कि बांस क्षेत्र में अभिनव तरीके से अल्पकालिक और दीर्घकालिक योजना बनाकर गुणवत्तापूर्ण काम करना आवश्यक है और महाराष्ट्र बांस संवर्धन फाउंडेशन निश्चित रूप से अनुसंधान सर्वेक्षण, प्रशिक्षण, कारीगरों, अनुकूल मशीन डिजाइन, बांस डिपो और मशीनरी खरीद जैसी गतिविधियों का समर्थन करेगा।

इस अवसर पर चंद्रपुर जिले के बांस उद्यमियों, कारीगरों और किसानों की समस्याओं, कठिनाइयों और समाधानों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रसिद्ध बांस वास्तुकार गणेश हरिमकर, चंद्रपुर बांस एसोसिएशन के अध्यक्ष स्नेहल पिदुरकर, सचिव अनिल दहागांवकर, उपाध्यक्ष किशोर गायकवाड़, सहसचिव अभय रॉय, कोषाध्यक्ष अजिंक शास्त्रीकर, कार्यकारी सदस्य अन्नपूर्णा धुर्वे-बावनकर, आदित्य मसाडे, नीलेश पजारे, सागर वर्मा, मीना वालके, विशाल राठौड़, शुभम धुर्वे उपस्थित थे।

प्रदूषण रोकने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाएं : विधायक किशोर जोरगेवार

> चंद्रपुर महाऔष्णिक बिजली केंद्र में यूनिट संख्या 8 और 9 के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक

चंद्रपुर.

विधायक किशोर जोरगेवार ने आज मुंबई में महाजेंको के प्रबंध निदेशक राधाकृष्ण से मुलाकात की और चंद्रपुर महाऔष्णिक बिजली केंद्र की इकाई 8 और 9 से प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस बार उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

इस दौरान प्रदूषण के कारण नागरिकों को हो रही परेशानियों पर चिंता व्यक्त की गई। विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि स्थानीय नागरिकों को श्वसन संबंधी विकार, त्वचा रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रदूषण से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। धुएं से कृषि उपज की गुणवत्ता कम हो रही है , जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। विधायक जोरगेवार ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग और प्रशासन की सक्रिय पहल की जरूरत है।

बैठक में प्रदूषण कम करने के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा की गई। विधायक जोरगेवार ने परियोजना के कामकाज में सुधार लाने , स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने तथा कृषि के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ बनाने के लिए तत्काल उपाय करने की माँग की। महाजंको प्रशासन ने उनकी माँगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है तथा आश्वासन दिया है कि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जल्द ही ठोस उपाय किए जाएँगे।

आज लाहौर में मिलेगा अफ्रीका और कीवी में से किसी एक को दुबई का टिकट

भारत ने दी कंगारुओं को शिकस्त

दुबई. रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम का अजेय रथ जारी है. इसी के साथ टीम इंडिया ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में एंट्री कर ली है. चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का पहला सेमीफाइनल मैच मंगलवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया. टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बने चेज मास्टर विराट कोहली, जिन्होंने 84 रन की बेहद अहम पारी खेली। दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोहली ने रन चेज में 3 बड़ी साझेदारियां कीं। उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ 91, अक्षर पटेल के साथ 44 और केएल राहुल के साथ 47 रन जोड़े। इन्हीं पार्टनरशिप ने रन चेज को आसान बनाया। आखिर में हार्दिक पंड्या ने तेजी से 28 रन बनाए और केएल राहुल ने छक्का मारकर जीत दिलाई। वे 42 रन बनाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और 265 रन का टारगेट दिया। ऑस्ट्रेलिया से कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 और एलेक्स कैरी ने 61 रन बनाए। इंडियन बॉलर्स ने ऑस्ट्रेलिया को ऑलआउट कर दिया। मोहम्मद शमी ने 3, रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए। 48वें ओवर में हार्दिक पंड्या 28 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नाथन एलिस ने ग्लेन मैक्सवेल के हाथों कैच कराया। 47वें ओवर में भारत ने 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। पंड्या ने एडम जम्पा की बॉल पर लगातार दो छक्के लगाकर टीम को 250 पार पहुंचाया। 43वें ओवर में विराट कोहली 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एडम जम्पा ने बेन ड्वारशस के हाथों कैच कराया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे पावरप्ले में भारत ने 2 विकेट गंवाए। 11 से 40 ओवर के बीच टीम ने 180 गेंदों पर 145 रन बनाए। इस दौरान श्रेयस अय्यर 45 और अक्षर पटेल 27 रन बनाकर आउट हुए। विराट कोहली ने फिफ्टी लगाई। 40वें ओवर में भारतीय टीम ने 200 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। बेन ड्वारशस के ओवर की दूसरी बॉल पर केएल राहुल ने सिंगल लेकर टीम का 200वां रन बनाया। कोहली भी नाबाद हैं। 18वें ओवर में विराट कोहली ने रन चेज करते हुए 8 हजार रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने तनवीर की बॉल पर एक रन लेकर यह अचीवमेंट पूरा किया। 265 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने पावरप्ले में दो विकेट गंवा दिए हैं। शुरुआती 10 ओवर में भारत ने 55 रन बना लिए। श्रेयस ने कोनोली के ओवर में दो चौके लगातार टीम को 50 पार पहुंचाया। कप्तान रोहित शर्मा 28 और शुभमन गिल 8 रन बनाकर आउट हुए। 5वें ओवर में भारत ने पहला विकेट गंवाया। यहां शुभमन गिल 11 रन बनाकर आउट हुए। बेन ड्वारशस की बॉल गिल के बल्ले से स्टंप पर लगी।

रोहित बोले- हमने अच्छी बैटिंग की

हमने अच्छी बैटिंग की। हम लक्ष्य का पीछा करते समय शांत और संयमित थे। पिच पहले से बेहतर थी, न्यूजीलैंड के खिलाफ वाली पिच की तुलना में यह पिच थोड़ा बेहतर थी। मैंने हमेशा 6 गेंदबाजी विकल्प रखने और साथ ही बल्लेबाजी की गहराई बनाए रखने की योजना बनाई। कोहली कई सालों से ऐसा प्रदर्शन कर रहे हैं। आखिरी में हार्दिक ने काफी अहम शॉट्स खेले। जब आप फाइनल में होते हैं, तो आप चाहते हैं कि सभी खिलाड़ी फॉर्म में हों। इन सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया है और इससे हमें आत्मविश्वास मिला। हम इस बारे में ज्यादा नहीं सोचेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा

बॉलर्स ने वाकई शानदार प्रदर्शन किया। स्पिनर्स ने उन्हें दबाव में रखा और मैच आखिरी तक ले गए। शुरुआत में विकेट थोड़ा मुश्किल था, लेकिन हमने अच्छा प्रदर्शन किया। हम बोर्ड पर कुछ और रन बना सकते थे। अगर हमारे पास 280 से ज्यादा रन होते, तो नतीजा कुछ और हो सकता था। हमारी गेंदबाजी काफी अनुभवहीन थी, लेकिन कुछ बैटर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इंग्लैंड के खिलाफ अच्छा किया। वे आगे और बेहतर होते रहेंगे।

विराट ने टीम को संभाला

विराट कोहली ने 54 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की. तीसरे विकेट के बाद कोहली ने अक्षर पटेल के साथ मोर्चा संभाला और चौथे विकेट के लिए 52 गेंदों पर 44 रनों की साझेदारी की. यहां अक्षर 27 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. 225 रनों पर भारत की आधी टीम सिमट गई. विराट कोहली 84 रन बनाकर आउट हुए. कोहली ने केएल राहुल के साथ पांचवें विकेट के लिए 47 रन जोड़े.

कोहली ने फिर संभाली रन चेज की कमान

शमी ने जहां 4 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 264 रन पर रोका, वहीं कोहली (84) भले ही शतक से चूक गए लेकिन उन्होंने टीम एक बार फिर टीम इंडिया के लिए रन चेज की सफलतापूर्वक कमान संभाली टीम इंडिया के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने भी तेज शुरुआत की लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने लगातार 2 ओवरों में दो बार कैच छोड़कर शुरुआती दबाव बनाने का मौका गंवा दिया. हालांकि, जल्द ही शुभमन गिल को बेन ड्वारशुइस ने बोल्ड कर पहली सफलता दिलाई और फिर रोहित (28) का कैच छोड़ने वाले कॉनोली ने अपने पहले ही ओवर में उन्हें आउट कर गलती को सुधारा. ऐसे में नजरें विराट कोहली पर थीं, जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ चेज करते हुए शतक लगाया था और टीम को जीत दिलाई थी. कोहली के साथ एक बार फिर ये काम करने आए श्रेयस अय्यर, जिन्होंने फिर एक अर्धशतकीय साझेदारी की. दोनों ने टीम इंडिया को संभालकर जीत की बुनियाद तैयार कर दी थी. दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 91 रन जोड़े. इस दौरान कोहली ने अपना 73वां अर्धशतक भी जमाया. श्रेयस (45) के आउट होने के बाद आए अक्षर (27) ने भी कोहली के साथ स्कोर को आगे बढाया लेकिन नाथन एलिस ने उन्हें बोल्ड कर मैच को रोमांचक बनाया. इसके बाद राहुल और विराट ने 47 रन की साझेदारी कर जीत पक्की कर दी. हालांकि कोहली शतक से चूक गए लेकिन फिर आए हार्दिक (28) और राहुल (42 नाबाद) ने तेजी से छक्के-चौके बरसाकर टीम को जीत दिलाई. ऑस्ट्रेलिया की टीम 264 रन पर ऑलआउट हो गई है। 50वां ओवर डाल रहे हार्दिक पंड्या ने एडम जम्पा (7 रन) को बोल्ड कर दिया। 49वें ओवर की आखिरी बॉल पर मोहम्मद शमी ने नाथन एलिस को पवेलियन भेजा। उनका कैच विराट कोहली ने लिया। यह शमी को तीसरा विकेट रहा। ऑस्ट्रेलिया ने 11 से 40 ओवर के बीच दूसरे पावरप्ले में 4 विकेट गंवा दिए। टीम ने इस दौरान 180 गेंदों पर 150 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 73, मार्नस लाबुशेन ने 29, जोश इंग्लिस ने 11 और ग्लेन मैक्सवेल ने 7 रन बनाए। एलेक्स कैरी 44 रन बनाकर नॉटआउट रहे। रवींद्र जडेजा को 2 विकेट मिले, अक्षर पटेल और मोहम्मद शमी ने 1-1 विकेट लिया।

ओलंपिक मैडलिस्ट सुशील कुमार को कोर्ट से राहत

नई दिल्ली.

जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या का आरोप में जेल में बंद ओलंपिक मेडल विजेता पहलवान सुशील कुमार को दिल्ली हाईकोर्ट ने नियमित जमानत मिली है. इस मामले में सुशील को दो जून 2021 को गिरफ्तार किया था. वहीं, उन्हें इससे पहले जुलाई 2023 में घुटने की सर्जरी के लिए 7 दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी. रेसलर सुशील कुमार भारतीय कुश्ती का एक बड़ा नाम है. लेकिन साल 2021 में घटी इस घटना से उनका खेल करियर पूरी तरह तबाह हो गया. ओलंपियन सुशील कुमार पहलवान सागर धनकड़ की हत्या के आरोप में पिछले कई समय से जेल में बंद थे. दरअसल सुशील कुमार पर संपत्ति विवाद में चार मई, 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में सागर धनखड़ और उनके दोस्तों जय भगवान और भगत पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा है.

इस हमले में घायल सागर धनखड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई थी, जिसके बाद सुशील कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया था. साल 2023 में सुशील कुमार को मेडिकल के आधार पर एक हफ्ते की अंतरिम जमानत दी गई थी. दरअसल, सुशील कुमार को घुटने में चोट लगी थी, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें घुटने के ऑपरेशन की सलाह दी थी. कोर्ट से सुशील कुमार को 23 जुलाई से 30 जुलाई तक के लिए अंतरिम जमानत मिली थी, जिसकी मियाद कुछ दिन और बढ़ाई गई थी और फिर उन्होंने तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया था. सुशील कुमार ने रेसलिंग में भारत के लिए ओलंपिक में दो मैच जीते हैं. 2008 के बीजिंग ओलंपिक में उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था और फिर 2012 के लंदन ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतकर भारत लौटे थे. सुशील कुमार ने लगातार दो ओलंपिक में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बनने का गौरव हासिल किया था. इसके बाद वह देश के युवा पहलवानों के रोल मॉडल बन गए थे. लेकिन सुशील पर कामयाबी हावी हो गई थी और वे मानो बुराइयों के दलदल में धंसते चले गए.

गुजरात जायंट्स ने यूपी वॉरियर्स को 81रनों से हराया

लखनऊ. लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के 15वें मैच में यूपी वॉरियर्स पर 81 रनों से हरा दिया। बेथ मूनी के नाबाद 96 रनों की बदौलत जायंट्स ने 5 विकेट खोकर 186 रन बनाए। 187 रनों का पीछा करने उतरी यूपी की टीम को अपने सलामी बल्लेबाजों से उम्मीद थी कि अच्छी शुरुआत देंगे। लेकिन, यूपी को शुरुआती झटकों ने मैच से काफी दूर कर दिया। गुजरात के लिए डिएंड्रा डॉटिन, काशवी गौतम और मेघना सिंह ने लगातार विकेट चटकाए। शुरुआती झटकों के कारण यूपी की पूरी टीम 105 रनों पर ऑल आउट हो गई।

बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 के लिए नए नियम किये लागू

नई दिल्ली.

आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से होगी। सीजन का पहला मैच कोलकाता नाईट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। आगामी सीजन के लिए सभी टीमों ने अपनी तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी है। इस बीच सीजन का आगाज होने से पहले बीसीसीआई ने प्लेयर्स और टीम के लिए नए नियम लागू किए हैं। इस सीजन में खिलाड़ियों को पिछले सीजन की तरह छूट नहीं मिलेगी। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों से पहले और मैच के दौरान एरिया के आसपास परिवार के सदस्यों की मौजूदगी को लेकर नियमों को और कड़ा कर दिया है। इसके अलावा, बोर्ड ने खिलाड़ियों के लिए टीम बस से यात्रा करना अनिवार्य कर दिया है। यही नियम बीसीसीआई ने टीम इंडिया के लिए भी कुछ दिनों पहले लागू किया था। बीसीसीआई के नए नियम के अनुसार, खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए टीम बस में आना होगा। टीमें दो ग्रुप में ट्रैवल कर सकती हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट की माने तो हाल ही में एक मीटिंग के दौरान सभी टीम मैनेजर को नियमों में बदलाव के बारे में बताने के बाद एक मेल के जरिए सभी फ्रैंचाइजी को इसकी जानकारी दी गई। मैनेजर्स की मीटिंग 18 फरवरी को जूम कॉल पर हुई थी। नए नियम में ये भी बताया गया है कि खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य प्रैक्टिस वाले दिन में भी ड्रेसिंग रूम में प्रवेश नहीं कर सकते। बता दें कि मैच के दिनों में उनके पास वैसे भी ड्रेसिंग रूम के अंदर जाने की अनुमति नहीं होती है। अभ्यास के दिनों में (टूर्नामेंट से पहले और टूर्नामेंट के दौरान), केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ को ही ड्रेसिंग रूम और खेल के मैदान में जाने की अनुमति है। मेल में बताया गया है कि खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और उनके दोस्त किसी अलग गाड़ी में ट्रैवल करेंगे और वो हॉस्पिटैलिटी एरिया से टीम का अभ्यास देख सकते हैं। टीम के सपोर्ट स्टाफ (थ्रो डाउन विशेषज्ञ/नेट गेंदबाज) को ड्रेसिंग रूम के अंदर जाने के लिए बीसीसीआई से परमिशन लेनी होगी। एक बार परमिशन मिलने के बाद वो बिना मैच वाले दिन ड्रेसिंग रूम और मैदान के अंदर जा पाएंगे।

शिवालकर के निधन से क्रिकेट जगत में शोक की लहर



नई दिल्ली. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले से ठीक पहले पूर्व दिग्गज क्रिकेटर पद्माकर शिवालकर के निधन का दुखद समाचार सामने आया है। उनके निधन से क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। शिवालकर ने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने में काफी सहयोग किया। बीसीसीआई ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट करके फैंस को उनके निधन की जानकारी दी। बीसीसीआई ने अपनी पोस्ट में लिखा कि हम भारत के सबसे बेहतरीन स्पिनरों में से एक पद्माकर शिवालकर के दुर्भाग्यपूर्ण निधन पर शोक व्यक्त करते हैं। घरेलू क्रिकेट में मुंबई के स्टार स्पिनर रहे पद्माकर शिवालकर ने 84 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली है। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए 124 फर्स्ट क्लास मैच खेले, जिसमें 19.69 की शानदार औसत से 589 विकेट अपने नाम किए। शिवालकर ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बावजूद कभी टीम इंडिया में जगह नहीं बना सके। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण उस दौरान भारतीय टीम में बिशन सिंह बेदी का खेलना था। बता दें कि मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में उनके आंकड़े जबरदस्त रहे। उन्होंने 124 मैचों में 42 बार 5 विकेट हॉल लिया तो 13 बार 10 विकेट हॉल भी अपने नाम किया। इस दौरान उन्होंने बल्ले 515 रन भी बनाए। इसके अलावा उन्होंने 12 लिस्ट ए मैचों में 16 विकेट हासिल किए थे। उन्होंने 1978 में अपना आखिरी मुकाबला खेला था।

रिजवान से छीनी कप्तानी, बाबर भी बाहर

नई दिल्ली.

अपनी ही मेजबानी में खेली जा रही चैंपियंस ट्रॉफी में मिली करारी हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल आया हुआ है। पाकिस्तान का खेल इस टूर्नामेंट में तो खत्म हो गया है, लेकिन अब टीम अपनी अगली सीरीज की तैयारी में जुट गई है। इससे पहले कि चैंपियंस ट्रॉफी का नया चैंपियन मिले, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से नई सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है। इस बीच टी20 सीरीज से मोहम्मद रिजवान से कप्तानी छीन ली गई है और बाबर आजम को भी टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। हालांकि वनडे में जरूर रिजवान कप्तान हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के तुरंत बाद पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के दौरे पर जाने वाली है। पहले पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी, इसके बाद तीन वनडे मैचों की सीरीज होगी। टी20 इंटरनेशनल में अब पीसीबी ने नया कप्तान बनाया है। इस बार ये जिम्मेदारी सलमान अली आगा को दी गई है। वहीं शादाब खान की टीम वापसी हुई है और वे उपकप्तान बनाए गए हैं। इस टीम में बाबर आजम का नाम नहीं है। पीसीबी की ओर से कई नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया है।

माना जा रहा है कि इस सीरीज से पाकिस्तान अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में जुटने जा रहा है। अब ये कहना मुश्किल है कि मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम को टी20 सीरीज से आराम दिया गया है या फिर उन्हें टीम से बाहर किया गया है। इस बीच अगर वनडे टीम की बात की जाए तो वहां पर मोहम्मद रिजवान अपनी कप्तानी बरकरार रखने में कामयाब हो गए हैं। वहां पर सलमान अली आगा को उपकप्तान की जिम्मेदारी दी गई है। इस टीम में बाबर आजम हैं, लेकिन शाहीन शाह अफरीदी का नाम इस लिस्ट में नहीं दिख रहा है। इतना ही नहीं सैम अयूब और फखर जमां की वापसी भी अभी तक होती हुई नजर नहीं आ रही है। यानी उनकी चोट शायद ज्यादा गंभीर है, जो वे आने वाले कुछ और महीने क्रिकेट के मैदान से दूर रहेंगे। टी20 इंटरनेशनल सीरीज की बात की जाए तो इसका आगाज 16 मार्च से होगा, पहला मैच क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। सीरीज का दूसरा मैच 18 और तीसरा 21 मार्च को खेला जाना है। 23 मार्च को चौथा और 26 मार्च को आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच खेला जाएगा।

सलमान अली आगा का विवादास्पद बयान

नई दिल्ली.

एक आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए, पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नए कप्तान सलमान अली आगा ने राष्ट्रीय टीम की टोपी के बजाय न्यूयॉर्क यांकीज़ की टोपी पहनकर विवाद खड़ा कर दिया है। टोपी के इस विकल्प ने प्रशंसकों के बीच भौंहें चढ़ा दी हैं, जो मानते हैं कि वह पाकिस्तानी कप्तान के रूप में अपने काम को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। 31 वर्षीय सलमान अली आगा, जिन्हें 20 ओवर के प्रारूप में पाकिस्तान टीम का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किया गया था, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यूएस बेसबॉल टीम की टोपी पहने हुए देखे गए। जहाँ कुछ लोगों ने कप्तान की पसंद को व्यक्तिगत पसंद के रूप में बचाव किया है, वहीं अन्य ने इसे राष्ट्रीय टीम और इसकी परंपराओं के प्रति सम्मान की कमी के रूप में आलोचना की है।

सरकार खटारा, सिस्टम नाकारा, मुख्यमंत्री थका हारा : तेजस्वी यादव

पटना.

बिहार विधानसभा में आज तीखी बहस देखने को मिली। विधानसभा में तेजस्वी यादव ने भाषण दिया। तेजस्वी ने कहा कि विधानसभा में राज्यपाल का अभिभाषण काफी कन्फ्यूजन भरा था। वह 2005 का अभिभाषण पढ़ रहे थे या 2010 का कुछ पता नहीं चला। इसके साथ ही तेजस्वी ने शायराना अंदाज में कहा, 'पुराने कागजों में उलझे तुम्हारे दिन और रात, घड़ी देखकर भी भूल जाते हो हर मुलाकात।'

सम्राट चौधरी के साथ हुई तीखी बहस : विधानसभा में सम्राट और तेजस्वी में तीखी बहस भी हो गई। सम्राट चौधरी ने कहा कि आपके पिताजी ने जब जेल भेजा मुझे वह दिन भी याद है। इस पर तेजप्रताप गुस्से मे उठे। तेजस्वी ने बैठने को कहा।

तेजस्वी ने नीतीश सरकार को घेरा : तेजस्वी यादव ने शायराना अंदाज में कहा, 'सरकार खटारा, सिस्टम नकारा, मुख्यमंत्री थका हारा, आम आदमी फिर रहा मारा-मारा। लालू ने कमजोर तबके के दलितों, पिछड़ों को मंत्री बनाया, विधायक बनाया, एमएलसी बनाया अध्यक्ष बनाया, ताकत दिलाने का काम लालू जी ने किया। इस पर सम्राट चौधरी ने टोका, 'जो नकली समाजवादी है। उसको सब कुछ नकली ही लगता है।

झूठ और जुमलों की स्याही से तैयार हुआ बजट- तेजस्वी : वहीं, कल तेजस्वी यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि बिहार में नीतीश कुमार सरकार द्वारा पेश किया गया बजट ''बढ़ा-चढ़ाकर झूठ और जुमलों की स्याही से तैयार किया गया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा राज्य में चुनाव से पहले अंतिम बजट पेश किए जाने के तुरंत बाद विधानसभा परिसर के बाहर यादव ने मीडिया से कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता से बाहर हो जाएगा। पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने कहा कि यह अजीब है कि राजस्व सृजन न होने के बावजूद बजट का आकार बढ़ता जा रहा है।

बिहार मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा- तेजस्वी : 3.71 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है। उन्होंने कहा, 'ऐसा लगता है कि बजट दस्तावेज झूठ में डूबी स्याही से लिखे गए हैं। वे इसे पांच लाख करोड़ रुपये कर सकते थे।' तेजस्वी ने कहा, जमीनी सच्चाई यह है कि आधुनिक सुविधाएं तो छोड़िए बिहार अब भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है।

आतिशी ने किया विरोध प्रदर्शन

> मोदी जी ने वादा किया था 2500 देने का

नई दिल्ली.

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने आज दिल्ली सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान आतिशी ने कहा, हम विरोध नहीं कर रहे हैं। हम इंतजार कर रहे हैं। मोदी जी ने कहा था कि दिल्ली की महिलाओं के बैंक खातों में 2500 रुपये की पहली किस्त जमा की जाएगी। उन्होंने कहा था कि यह उनकी गारंटी है। 4 दिन बचे हैं। इसलिए हम इंतजार कर रहे हैं। आतिशी ने कहा कि मोदी जी ने कहा था कि 8 मार्च को 2500 की पहली किश्त आएगी। यह मोदी जी की गारंटी है। अब केवल 4 दिन बचे हैं।

आतिशी का विरोध प्रदर्शन : उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गारंटी दी थी, दिल्ली की महिलाओं को, इसमें केवल 4 दिन बाकी हैं। दिल्ली की अलग-अलग हिस्सों से महिलाएं आई हैं और उन्हें इंतजार है। मोदी जी ने कहा था कि अपने-अपने फोन को बैंक खाते से लिंक कर लें और 8 मार्च को 2500 आएंगे। मोदी जी झूठ तो नहीं बोलते हैं। उन्होंने कहा था कि पहली कैबिनेट में ही इसे पास करेंगे। लेकिन दूसरी कैबिनेट में जो फैसला आएगा उसका हम इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह के दिन भी आतिशी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा था।

सरकार को 2500 के मुद्दे पर घेरा : उस वक्त आतिशी ने कहा था कि पहली कैबिनेट की बैठक के साथ ही सीएम रेखा गुप्ता दिल्ली की महिलाओं के लिए 2500 रुपये जारी करेंगी। हालांकि पहली कैबिनेट की बैठक में महिलाओं को दी जाने वाली राशि पर कोई चर्चा नहीं हो सकी। आतिशी लगातार दिल्ली सरकार को 2500 वाले मुद्दे फर घेर रही हैं। पिछले कई दिनों से लगातार आतिशी इसी मांग को लेकर दिल्ली सरकार पर निशाना साध रही हैं।

बता दें कि चुनाव प्रचार के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा के कई नेताओं ने वादा किया था कि चुनाव जीतने के बाद दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये की राशि दी जाएगी.

युवक की मौत के बाद गुस्साए लोगों ने दो ट्रक फूंके

> शव उठाने आई पुलिस पर भी किया पथराव

जमुई.

बिहार के जमुई जिले के इस्लाम नगर स्थित जमुई-खैरा मुख्य मार्ग पर सोमवार की शाम करीब 8 बजे हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। इससे आक्रोशित लोगों ने दो बालू लदे ट्रकों में आग लगा दी। एक-दूसरे से ओवरटेक करने के दौरान दो ट्रकों के बीच फंसने के कारण युवक कुचला गया। शव उठाने के दौरान आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर भी पथराव किया। मौके पर लोगों की इतनी भीड़ थी कि ट्रक को जलने से पुलिस नहीं बचा पाई।

जानकारी के मुताबिक, महराजगंज स्थित एक वस्त्रालय में काम करने वाला 25 वर्षीय अजय ठाकुर सोमवार की देर शाम ई रिक्शा से लौट रहा था। जैसे ही वह इस्लाम नगर के पास सड़क पार करने की कोशिश कर रहा था, दो ट्रक एक दूसरे से ओवरटेक करते हुए उसके पास पहुंचे और अजय को कुचल दिया, जिससे घटना स्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक अजय ठाकुर के परिवार का रोक-रोककर बुरा हाल है।

आक्रोशित लोगों ने ट्रक फूंका : युवक की मौत के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने तुरंत ट्रक चालक और उपचालक को पकड़ जमकर पिटाई की। इसके बाद भीड़ ने ट्रकों में आग लगा दी। हालांकि, मौके पर पहुंची टाउन थाना पुलिस ने ट्रक चालक और उपचालक को बचाकर एक मकान में छुपाया, लेकिन जनता का गुस्सा इतना भड़का हुआ था कि पुलिस इन ट्रकों को जलने से नहीं बचा पाई। दोनों ट्रकों का सामने का हिस्सा पूरी तरह से जलकर राख हो गया।

शव को उठाने के दौरान पत्थरबाजी : करीब 30 मिनट के बाद जब एसडीपीओ और बड़ी संख्या में पुलिस जवान मौके पर पहुंचे और शव को उठाने की कोशिश की, तो आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। कई बार पत्थरबाजी हुई और पुलिस ने सुरक्षा के उपायों के साथ एक घंटे तक स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। इसके बाद एसपी मदन कुमार आनंद, डीडीसी सुभाष चंद्र मंडल, एसडीओ अभय कुमार तिवारी और एसडीपीओ के नेतृत्व में प्रशासन ने मोर्चा संभाला और देर रात करीब 11 बजे तक स्थिति को काबू में किया।

मृतक का पोस्टमार्टम : मृतक अजय ठाकुर के शव का पोस्टमार्टम मंगलवार की मध्य रात्रि करीब 12:30 बजे सदर अस्पताल में किया गया। इसके बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

भोपाल के सभी प्रमुख रास्तों पर महापुरुषों के नाम से बनेंगे द्वार

भोपाल.

मध्य प्रदेश से एक बड़ी खबर सामने आई है। भोपाल के सभी प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम से द्वार बनेंगे। खुद सीएम मोहन यादव ने ये जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि भोपाल सहित मध्य प्रदेश की पहचान हमारे वीर शासकों से रही है। इसलिए हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि गौरवशाली अतीत को जन-जन तक पहुंचाते हुए, राजधानी के सभी प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम से द्वार बनाए जाएंगे।

हालही में किसानों के लिए की थी बड़ी घोषणा: ससे पहले सीएम मोहन यादव तब चर्चा में आए थे, जब उन्होंने किसानों के लिए बड़ी घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को धान उपार्जन पर प्रति हेक्टेयर 4000 रुपये की प्रोत्साहन राशि इसी माह प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए यह ऐतिहासिक निर्णय लिया था। उन्होंने आगे कहा था कि किसानों को पहले भी कई सौगातें दी गई हैं। मध्य प्रदेश में गेहूं उपार्जन पर 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया था कि धान उत्पादक पात्र किसानों को धान उपार्जन किए जाने पर प्रति हेक्टेयर 4 हजार रुपए की अतिरिक्त राशि प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया था। राज्य सरकार संकल्प पत्र के अनुसार जन कल्याण के महत्वपूर्ण निर्णय निरंतर ले रही है। इससे पहले भी किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना पर काम किया जा रहा है। यह परियोजना भी किसानों के लिए कृषि उत्पादन बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। सीएम मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की समृद्धि में ऐसी परियोजनाएं महत्वपूर्ण होंगी। उन्होंने प्रदेश के किसानों को धान उपार्जन पर प्रोत्साहन राशि के लिए बधाई भी दी।सीएम मोहन यादव ने कहा था कि गेहूं उत्पादक किसानों को भी प्रति क्विंटल 175 रुपए अतिरिक्त बोनस राशि दी जाएगी।

पहलवान सुशील कुमार को नियमित जमानत

नई दिल्ली. जूनियर पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने पहलवान सुशील कुमार को नियमित जमानत दे दी है। उन्हें मई 2021 में हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें इससे पहले जुलाई 2023 में घुटने की सर्जरी के लिए 7 दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी। सागर हत्याकांड में दिल्ली पुलिस की तरफ से दाखिल चार्जशीट के मुताबिक ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार और उसके साथियों ने छत्रसाल स्टेडियम का दरवाजा अंदर से बंद करने के बाद पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ और अन्य को डंडों, हॉकी और बेसबॉल की बेट से 30 से 40 मिनट तक पीटा था। धनखड़ और उसके चार दोस्तों के साथ संपत्ति विवाद को लेकर चार और पांच मई (2021) की दरम्यानी रात को स्टेडियम में कुमार और अन्य ने कथित तौर पर मारपीट की थी।

रूस-अमेरिका को चुनौती, ईयू ने तैयार किया 841 अरब डॉलर का रक्षा बजट

ब्रसेल्स.

यूरोपीय संघ ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन की मदद से हाथ पीछे खींचे जाने के बाद दुनिया का सबसे बड़ा रक्षा बजट का प्रस्ताव देकर पूरी दुनिया को चौंका दिया है।

यूरोपीय यूनियन की कार्यकारिणी के प्रमुख ने मंगलवार को सदस्य देशों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 800 अरब यूरो (841 अरब अमेरिकी डॉलर) की योजना का प्रस्ताव रखा है। इस भारी-भरकम बजट के प्रस्ताव ने रूस और अमेरिका के भी होश उड़ा दिये है। अपने इस प्रस्ताव के साथ ही यूरोपीय संघ ने यह भी साफ कर दिया है कि अमेरिका भले ही यूक्रेन की मदद नहीं कर रहा, लेकिन संघ जेलेंस्की के पीछे चट्टान की तरह खड़ा रहेगा।

यूरोपीय संघ का मकसद अमेरिका के रक्षा सहयोग से अलग होने के संभावित कदम का मुकाबला करना है और युद्धग्रस्त यूक्रेन को रूस के साथ बातचीत करने के लिए सैन्य ताकत प्रदान करना है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि विशाल ''रीआर्म यूरोप'' पैकेज को 27 यूरोपीय संघ नेताओं के समक्ष रखा जाएगा, जो अमेरिका में बढ़ती राजनीतिक अनिश्चितता के एक सप्ताह के बाद बृहस्पतिवार को ब्रसेल्स में एक आपातकालीन बैठक में मिलेंगे।

ट्रंप ने यूरोपीय संघ और यूक्रेन की रक्षा पर उठाये थे सवाल : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने महाद्वीप के लिए अपने गठबंधन और यूक्रेन की रक्षा दोनों पर सवाल उठाए थे। वॉन डेर लेयेन ने कहा, ''मुझे उन खतरों की गंभीर प्रकृति का वर्णन करने की आवश्यकता नहीं है जिनका हम सामना कर रहे हैं।'' यूरोपीय संघ के देशों की दुविधा का मुख्य कारण पिछले दशकों में रक्षा पर अधिक खर्च करने की अनिच्छा रही है, क्योंकि वे अमेरिकी सुरक्षा गारंटी की छत्रछाया में थे और उनकी अर्थव्यवस्था सुस्त थी। इसलिए उन्हें ऐसे खर्च को शीघ्र बढ़ाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

रक्षा में निवेश बढ़ाएंगे यूरोपीय देश : वॉन डेर लेयेन ने कहा कि पहला काम यूरोपीय संघ द्वारा बजटीय खर्च पर लगाए गए वित्तीय अनुशासन में ढील देना है ताकि सदस्य देशों को बिना दंडात्मक कार्रवाई के अपने रक्षा व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि करने की अनुमति मिल सके। उन्होंने कहा, ''यदि सदस्य देश अपने रक्षा व्यय में सकल घरेलू उत्पाद के औसतन 1.5 प्रतिशत की वृद्धि करते हैं, तो इससे चार वर्षों की अवधि में लगभग 650 अरब यूरो (683 अरब अमरीकी डॉलर) का राजकोषीय प्रावधान हो सकता है।' इसके अतिरिक्त 150 अरब यूरो (157 अरब अमेरिकी डॉलर) का ऋण कार्यक्रम भी दिया जाएगा, जिससे सदस्य देश रक्षा में निवेश कर सकेंगे।

मुकेश अंबानी के वनतारा पहुंचे नरेंद्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मुकेश अंबानी के जामनगर में बनाए गए वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू सेंटर 'वनतारा' का उद्घाटन करने पहुंचे. इस दौरान उन्होंने रेस्क्यू किये गए जानवरों के साथ अनोखे पल बिताए, जिन्हें कैमरे में कुछ यूं कैद किया गया है.

मैं बैठक रद्द कर देता हूं, आप मोर्चा जारी रख सकते हैं : सीएम

चंडीगढ़.

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किसान नेताओं संग हुई बैठक को लेकर बयान दिया है। सीएम भगवंत मान ने कहा, "मैंने किसानों से कहा कि हर दिन आप 'रेल रोको', 'सड़क रोको' विरोध प्रदर्शन करते हैं। इससे पंजाब को भारी नुकसान हो रहा है। राज्य को आर्थिक नुकसान हो रहा है। पंजाब 'धरना' का राज्य बनता जा रहा है। मेरी नरमदिली को यह मत समझिए कि मैं कार्रवाई नहीं करता। मैं 3.5 करोड़ लोगों का संरक्षक हूं। मुझे सभी का ख्याल रखना है। बैठक में, मैंने उनसे अगले दिन (5 मार्च को) विरोध के बारे में पूछा, और उन्होंने कहा कि यह जारी रहेगा। तो, मैंने उनसे कहा कि आपने मुझे एक घंटे तक क्यों बैठाया?"

भगवंत मान ने किसान आंदोलन पर दिया बयान : उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में उठकर चला गया। मैंने उनसे कहा कि मैंने डर के कारण बैठक नहीं बुलाई, मैं उनसे पहले भी मिल चुका हूं, कि मैं आपका दोस्त हूं। लेकिन अगर आप मुझसे कहते हैं कि बैठक के साथ मोर्चा जारी रहेगा, तो मैं बैठक रद्द कर देता हूं और आप मोर्चा जारी रख सकते हैं।" इस बीच पंजाब की भगवंत मान सरकार ने 5 मार्च को प्रस्तावित किसानों के धरने से पहले किसान नेताओं पर बड़ा एक्शन लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से 5 मार्च को चंडीगढ़ में होने वाले धरना प्रदर्शन से पहले कई किसान नेताओं को पंजाब पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने पंजाब के विभिन्न किसान संगठन के नेताओं के घरों पर छापेमारी की है।

सोमवार को लिया एक्शन : बता दें कि सोमवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं के बीच हुई बैठक बेनतीजा रही थी। बैठक के बेनतीजा रहने के बाद किसानों ने 5 मार्च को चंडीगढ़ में धरना, विरोध प्रदर्शन और मार्च करने का ऐलान किया था।

इससे पहले कि किसान चंडीगढ़ कूच कर पाते, पुलिस ने बठिंडा जिले में करीब एक दर्जन जगहों पर छापेमारी की और कई किसान नेताओं को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि किसान नेताओं और मुख्यमंत्री के बीच हुई बैठक में काफी तल्खी देखने को मिली थी। किसान नेताओं ने दावा किया था कि 'नाराज' मुख्यमंत्री भगवंत मान 'बिना किसी उकसावे के बैठक से चले गए।

यूपी विधानसभा में विधायक ने गुटखा खाकर थूका

> नाराज अध्यक्ष ने लगाई फटकार

लखनऊ.

उत्तर प्रदेश विधानसभा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां इन दिनों विधानसभा की कार्यवाही चल रही है। इस कार्यवाही में शामिल होने के लिए तमाम सदस्य पहुंच रहे हैं। इस बीच मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि किसी सदस्य ने विधानसभा के अंदर पान मसाला खाकर गंदगी फैलाई है। उन्होंने फटकार लगाते हुए कहा कि मैं किसी सदस्य का व्यक्तिगत तौर पर नाम नहीं लूंगा, लेकिन मैंने सीसीटीवी में उन्हें देखा है। वह खुद यहां आकर मुझसे मिल लें। इसके साथ ही उन्होंने अन्य सदस्यों से भी अपील की है कि वह इस बात को समझें कि सदन सभी का है।

किसी सदस्य का नहीं लिया नाम : बता दें कि आज सदन में विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से इस बात का जिक्र किया। उन्होंने कहा, "आज सुबह मुझे सूचना मिली कि हमारे विधानसभा के इस हॉल में किसी माननीय ने पान मसाला खाकर वहीं पर अपनी सेवाएं दे दी थीं। मैं आया था तो मैंने उसे साफ भी करवाया है और मैंने वीडियो में उस सदस्य को देख भी लिया है। मैं किसी व्यक्तिगत को अपमानित नहीं करना चाहता, इसलिए उनका नाम नहीं ले रहा हूं। मेरा सभी सदस्यों से ये निवेदन है कि किसी भी अपने साथी और ऐसा करते हुए देखें तो वो लोग भी रोक दें.

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आगे कहा, "मेरी बात को समझिए, ये हम सबकी विधानसभा है। ये सिर्फ एक अध्यक्ष की विधानसभा नहीं है। ये 403 सदस्यों की बराबर की जिम्मेदारी है और उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की विधानसभा है। इसको साफ-सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी है और हम उसको करें ये हम सबकी जिम्मेदारी है। मैं किसी का भी नाम नहीं लूंगा, लेकिन जिसने भी ये किया है वो स्वयं आकर मुझे कह देंगे कि उन्होंने किया है। वो अपने आप आएंगे तो ठीक है, नहीं तो मैं बुलवा लूंगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर पहुंचे लंदन

लंदन.

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ब्रिटेन और आयरलैंड के 6 दिवसीय विदेश दौरे पर मंगलवार को यूके पहुंच गए हैं। वह दोनों देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए यह यात्रा कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा से दोनों देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध नवीनीकृत होंगे। भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी है, जो रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित विविध क्षेत्रों में मजबूत हुई है।"

जयशंकर मंगलवार और बुधवार को ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ उच्च स्तरीय वार्ता करेंगे और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों तथा ब्रिटेन में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलेंगे। बंद कमरे में होने वाली उनकी चर्चा का फोकस हाल ही में पुनः शुरू की गई भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता, व्यापक विदेश नीति और सुरक्षा मुद्दों पर होगा, तथा रूस-यूक्रेन संघर्ष में "स्थायी शांति" स्थापित करने के लिए कूटनीतिक नेतृत्व करने के ब्रिटेन के प्रयासों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

भारत का उदय और विश्व में भूमिका' सत्र में लेंगे हिस्सा : बुधवार शाम को जयशंकर लंदन के 'चैथम हाउस' थिंक टैंक में 'भारत का उदय और विश्व में भूमिका' विषय पर एक सत्र में भाग लेंगे। बृहस्पतिवार को उनके डबलिन में आयरलैंड के अपने समकक्ष साइमन हैरिस और आयरलैंड में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने की उम्मीद है।

मार्वल के आर्टिस्ट ने शेयर किया 'एवेंजर्स: -डूम्सडे' का कांसेप्ट आर्ट

हॉलीवुड की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक एवेंजर्स की एंडगेम आए लगभग 6 साल बीत चुके हैं. लोगों ने स्क्रीन पर आयरन मैन को मरते देखा तो रो पड़े थे. लोगों को लगा कि आयरन मैन के खत्म होने के बाद एवेंजर्स भी खत्म हो गया. ऐसा हुआ भी कहीं ना कहीं. इस फिल्म के बाद बीते 6 सालों में एवेंजर्स की कई फिल्में और सीरीज आईं, लेकिन ये वो जादू नहीं कर पाईं जो एंडगेम और उससे पहले की फिल्मों ने किया था. जब लगा कि एवेंजर्स, एमसीयू दोनों ही खत्म हो गए, तभी एक अनाउंसमेंट ने लोगों को हैरान कर दिया. साल 2024 में मार्वल का एक अनाउंसमेंट होता है जहां ये बात कंफर्म की जाती है कि मार्वल के सिनेमैटिक यूनिवर्स में एक बार फिर से रोबर्ट डाउनी जूनियर की वापसी होने जा रही है. हालांकि, इस बार ये किरदार आइरन मैन का नहीं होगा बल्कि रोबर्ट एक नए किरदार डॉक्टर डूम के रूप में वापस आएंगे. ये साल की सबसे बड़ी अनाउंसमेंट्स में से एक थी. अब इस फिल्म को लेकर कुछ ऐसा आया है, जिसने इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है. दरअसल, मार्वल के सिनेमैटिक यूनिवर्स के फेस 6 की फिल्म अवेंजर्स डूम्सडे का ऐलान हो चुका है. अब इस फिल्म के कुछ कांसेप्ट आर्ट इमेजेज ऑनलाइन लीक हो गई हैं. लीक होते ही ये इन पिक्चर्स ने इंटरनेट पर बवाल मचा दिया. ये सभी पिक्चर्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. मार्वेल ने इस फिल्म के बारे में लगभग सभी बातों को अबतक छिपाकर रखा है. हालांकि, इन इमेजिस को मार्वेल ने बाद में शेयर किया था. इन कांसेप्ट आर्ट इमेजेज को देखकर लगता है कि मार्वेल इस बार कुछ बहुत बड़ा प्लान कर रहा है. मार्वल के आर्टिस्ट मुश्क रिजवी ने आर्टस्टेशन पर एवेंजर्स: डूम्सडे से कॉन्सेप्ट आर्टवर्क को शेयर किया. लीक हुईं चार तस्वीरों में डॉक्टर स्ट्रेंज, विजन, स्टार-लॉर्ड, हल्क, शी-हल्क और रॉबर्ट के डॉक्टर डूम जैसे केरेक्टर्स नजर आ रहे हैं, जिसनें फैंस को काफी एक्साइट कर दिया है. हालांकि, ये इमेजिस अभी कांसेप्ट आर्ट हैं यानी कि सीन्स के पहले की ड्रॉइंग्स हैं जिनके बेसिस पर सीन्स को डिजाइन और क्राफ्ट किया जाएगा. एमसीयू वैसे कई बार अपनी कांसेप्ट आर्ट्स को बदल भी देता है ऐसे में ये बात तय नहीं है कि ये सीन्स ऐसे ही डिजाइन किए जाएं.

दीपिका कक्कड़

दीपिका- शोएब के तलाक की खबरें, सामने आई पर्सनल लाइफ की झलक

टीवी एक्टर दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम टीवी सीरियल 'ससुराल सिमर का' में एक साथ नजर आए थे। इसी सेट पर दोनों की दोस्ती प्यार में बदली और फिर साल 2018 में दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बीते कुछ सालों से दोनों यूट्यूब पर व्लॉगिंग कर रहे हैं और फैंस को उनके वीडियोज के जरिए ही उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के अपडेट मिलते रहते हैं। हाल ही में ऐसी खबरें उड़ीं कि दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम के बीच चीजें ठीक नहीं हैं और उन्होंने अपने रास्ते अलग करने का फैसला किया है। दोनों के तलाक की ये खबरें सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से फैलीं और शोएब ने अब अपने एक व्लॉग में इस बारे में बात की है। शोएब इब्राहिम ने अपने एक व्लॉग में इस बारे में दीपिका के साथ बातचीत के दौरान कहा, "तुमने मुझे बताया नहीं कि इंडस्ट्री में एक और शादी टूट रही है और वो हमारी है।" शोएब यह बात बोलकर हंस पड़े। दीपिका ने अपने पति वाले मजाक को आगे बढ़ाते हुए कहा, "मैं क्यों बताऊं तुमको? मैं सुमड़ी में यह सब करूंगी। शोएब ने अपने परिवार के साथ भी इस बात पर मजाक किया। एक्टर ने अपने परिवार से कहा कि एक ब्रेकिंग न्यूज है, और यह कहते हुए अपने घरवालों को इस बारे में बताया। शोएब के सभी घरवाले खिलखिलाकर हंस पड़े। शोएब इब्राहिम ने कहा, "रमजान का महीना पूरा निकाल देते हैं, उसके बाद करेंगे।" वीडियो के आखिर में शोएब ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुछ भी मत न्यूज बनाया करें। बता दें कि दीपिका और शोएब की शादी साल 2018 में हुई थी और 2023 में उनका एक बेटा हुआ जिसका नाम दोनों ने रुहान रखा। कपल के व्लॉग यूट्यूब पर काफी चर्चित हैं और खूब व्यूज बटोरते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो दीपिका हाल ही में रियलिटी टीवी शो सिलेब्रिटी मास्टर शेफ में नजर आई थीं, हालांकि वह यह सफर पूरा नहीं कर पाईं और कुछ ही हफ्तों में स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के चलते एविक्ट हो गईं। वहीं शोएब पिछली बार रियलिटी टीवी शो झलक दिखला जा 11 में नजर आए थे। वह यह शो जीत नहीं पाए और अब फैंस को उनके अगले प्रोजेक्ट का बड़ी बेसब्री से इंतजार है।

नेपाल में मोनालिसा का भव्य स्वागत

महाकुंभ 2025 का समापन हो चुका है लेकिन इससे जुड़ी यादों को लोग अभी शेयर कर रहे हैं. वहीं, इस महाकुंभ में मध्यप्रदेश के महेश्वर की रहने वाली मोनालिसा की किस्मत ही पलट गई. प्रयागराज में माला बेचने के लिए पहुंचीं मोनालिसा अब 'वायरल गर्ल' के नाम से जानी जाती हैं. उनके वीडियोज और फोटोज आए दिन वायरल होते रहते हैं. अब मोनालिसा ने अपना एक नया वीडियो शेयर किया है जो लोगों का ध्यान खींच रहा हैं और सोशल मीडिया यूजर्स कमेंट भी कर रहे हैं. मोनालिसा अपने इंस्टाग्राम पर लगातार अपने फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं. अब मोनालिसा ने अपना एक नया वीडियो शेयर किया है जिसमें वो फिल्म 'कयामत से कयामत तक' के गाने 'अकेले हैं तो क्या गम है' पर अपने एक्सप्रेशंस डाल रही हैं. मोनालिसा का मुस्कुराता हुआ अंदाज फैंस का दिल जीत रहा है. उनके इस वीडियो में सोशल मीडिया यूजर्स जमकर रिएक्शन दे रहे हैं.

एक यूजर ने लिखा है,'बहुत सुंदर लग रही हो बेटा.' एक यूजर ने लिखा है, 'वेरी नाइस.' एक यूजर ने लिखा है, 'वाह बहुत अच्छा.' एक यूजर ने लिखा है, 'मेहनत करती रहो और आगे बढ़ती रहो.' गौरतलब है कि महाकुंभ में माला बेचने गईं मोनालिसा के चर्चा में आते ही डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने उन्हें अपनी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में कास्ट कर लिया था. इसके बाद सनोज मिश्रा उनकी पढ़ाई और एक्टिंग क्लास की जिम्मेदारी उठाई है. मोनालिसा की एक्टिंग क्लास के वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं. इसके अलावा मोनालिसा हाल ही में डायरेक्टर के साथ नेपाल गई थीं, जहां उनका भव्य स्वागत हुआ था.

उर्वशी रौतेला का पेरिस लुक वायरल

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला जितना अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में नहीं रहतीं उतना अपने बयानों या फिर कपड़ों को लेकर रहती हैं. अक्सर नेटिजन्स उन्हें ट्रोल करते हैं. कभी उनकी फिल्म के डांस सीक्वेंस के लिए तो कभी अपने बयानों को लेकर, उर्वशी अक्सर लोगों के निशाने पर रहती हैं. इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ, जहां उर्वशी अपनी एक ड्रेस के लिए बुरी तरह से ट्रोल हो गईं. एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला हाल ही में पेरिस के एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं. एक्ट्रेस ने रेड कार्पेट से एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया. उन्होंने फ्रेंच में पोस्ट को कैप्शन दिया, "पेरिस, हमेशा एक अच्छा विचार..". इस खास मौके पर उर्वशी ने एक ऐसी ड्रेस पहनी, जिसके बाद उनके फैशन सेंस को लेकर लोग उन्हें ट्रोल करने लगे. एक्ट्रेस ने कार्यक्रम में 3डी फ्लोरल डिजाइन वाली ड्रेस पहनी थी. उर्वशी ने ब्लैक और गोल्डन कलर की ये ड्रेस पहनी थी जिसपर 3डी प्रिंट था. उनकी ड्रेस पर दो बड़े से गोल्ड रोस बने थे. इसके साथ ही उर्वशी ने बालों में हाई पोनी टेल बनाया था. साथ ही उन्होंने गोल्डन आईशैडो और हेवी आई मेकअप किया था. बालों में उर्वशी ने एक क्राउन पहनकर अपना लुक कम्पलीट किया. अब उनके इस वीडियो पर नेटिजन्स मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं. लोगों ने लिखा कि उर्वषी पहली ऐसी एक्ट्रेस हैं जिन्होंने खुद को ही गार्डन बना लिया. वहीं कुछ लोगों ने उर्वशी की तुलना फैब्यूलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्ज की शालिनी पासी से भी कर दी, तो कुछ ने उन्हें उर्फी जावेद से भी कंपेयर कर दिया. वहीं एक यूजर ने लिखा कि ये ड्रेस है या फिर टेंट? पिछले कुछ महीनों से उर्वशी रौतेला कई वजहों से सोशल मीडिया पर ट्रोल होती रही हैं. ये सिलसिला उनकी फिल्म 'डाकू महाराज' के एक गाने दाबिड़ी दाबिड़ी से शुरू हुआ था. इस गाने में दिखाए गए डांस स्टेप्स को खूब ट्रोल किया गया था.

तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो पर क्यों भड़क उठे फैंस ?

सोनी टीवी का सबसे पुराना टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' इन दिनों अपने शो के लेटेस्ट ट्रैक को लेकर चर्चा में है. फिलहाल इस सीरियल में 'टप्पू' और 'सोनू'को एक दूसरे से अलग करने वाला ट्विस्ट ऑडियंस को कुछ खास पसंद नहीं आ रहा है. वो चाहते हैं कि टप्पू और सोनू की लव स्टोरी आगे भी चलती रहे और इसी वजह से सोशल मीडिया पर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के फैंस मेकर्स की खूब क्लास लगा रहे हैं. अब तक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दिखाया गया है कि आत्माराम भिड़े अपनी बेटी सोनू और टप्पू के बीच बढ़ती नजदीकियों से बिलकुल भी खुश नहीं हैं और वो अपनी बेटी को टप्पू से दूर रखने की प्लानिंग शुरू कर चुके हैं. वो सोनू का रिश्ता कहीं और पक्का करते हैं. दूसरी तरफ चंपकलाल गड़ा यानी टप्पू के दादाजी भी अपने पोते की शादी कराने का फैसला लेते हैं. इस ट्रैक को देख 'तारक मेहता..' के दर्शकों को लग रहा है कि उन्हें हंसाने वाला ये शो अब सास-बहू ड्रामा में तब्दील हो रहा है. शो के इस नए ट्रैक को लेकर दर्शक सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं. उनका मानना है कि शो में बेवजह का ड्रामा दिखाया जा रहा है. टप्पू-सोनू के रिश्ते की भी राइटर ने खिचड़ी बना दी है. 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सीरियल के एक फैन ने इस सीरियल के लेटेस्ट ट्रैक पर निशाना साधते हुए लिखा है कि सालों से ये लोग बेचारे पोपटलाल का रिश्ता तो नहीं जोड़ पाए, लेकिन टप्पू-सोनू का रिश्ता इन्होंने झट से तोड़ दिया. एक दूसरे यूजर ने कहा कि अब इस शो को देखकर बिलकुल भी मजा नहीं आता. तो एक और फैन ने 'सबसे घटिया ट्रैक' कहते हुए मेकर्स को इसे तुरंत बदलने की नसीहत दे डाली है.

धनश्री वर्मा के वीडियो पर उठ रहे सवाल

फेमस कोरियोग्राफर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर धनश्री वर्मा इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई हैं. क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ उनका तलाक सुर्खियों में हैं, इसी बीच धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक डांस वीडियो शेयर किया है, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है. धनश्री वर्मा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह मशहूर गाने 'टच मी-टच मी' पर जबरदस्त डांस मूव्स दिखा रही हैं. उन्होंने इस वीडियो को अपने बेडरूम में शूट किया है, और इसे शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, 'सिर्फ एक कैजुअल संडे'. उनके एनर्जेटिक डांस मूव्स ने फैंस को हैरान कर दिया, और कुछ ही घंटों में इस वीडियो पर 1 लाख 34 हजार से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं. धनश्री के इस वीडियो पर फैंस के अलग-अलग रिएक्शन्स आ रहे हैं. कुछ लोग उनके डांस की तारीफ कर रहे हैं, जबकि कुछ ने इस वीडियो में युजवेंद्र चहल को ढूंढने की कोशिश की. कई लोगों ने कमेंट कर पूछा, 'क्या यह तलाक के बाद की खुशी है.' कुछ दिनों पहले यह खबर सुर्खियों में रही, कि धनश्री वर्मा और युजवेंद्र चहल ने अपने तलाक को अंतिम रूप दे दिया है. हालांकि, धनश्री के वकील ने इन दावों को खारिज करते हुए, कहा कि मामला अभी अदालत में है, और इस पर कोई टिप्पणी करना सही नहीं होगा. उन्होंने मीडिया से तथ्यों की सही जांच करने की अपील की. इंटरनेट पर यह भी दावा किया जा रहा था कि धनश्री ने चहल से 60 करोड़ रुपये की एलिमनी (गुजारा भत्ता) की मांग की है. इस पर धनश्री वर्मा की फैमिली ने बयान जारी कर साफ किया, कि यह पूरी तरह गलत जानकारी है. उन्होंने कहा, 'हम इन अफवाहों से बेहद नाराज हैं, ऐसी कोई रकम न तो मांगी गई और न ही दी गई.' धनश्री वर्मा और युजवेंद्र चहल की शादी 2020 में हुई थी, और तब से दोनों को एक परफेक्ट कपल के रूप में देखा जाता था, लेकिन हालिया अफवाहों ने फैंस को चिंता में डाल दिया है. धनश्री के वीडियो को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं. क्या यह एक सामान्य पोस्ट है, या उनके जीवन में चल रहे बदलावों का कोई संकेत?

सिकंदर का पहला गाना 'जोहरा जबीन' हुआ रिलीज

सलमान खान की फिल्म सिकंदर का मच अवेटेड फिल्म है फिल्म के रिलीज का इंतजार तो फैन्स बेसब्री से कर रहे हैं। वहीं फैन्स के इस उत्साह और प्यार को देख मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना 'जोहरा जबीन' रिलीज कर दिया है और यह गाना इस ईद को खास बनाने के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। जबरदस्त बीट्स, शानदार कोरियोग्राफी और सलमान खान और रश्मिका मंदाना की दमदार केमिस्ट्री के साथ, "जोहरा जबीन" दिलों और डांस फ्लोर्स दोनों पर आग लगाने के लिए तैयार है। साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन और ए. आर. मुरुगदॉस की दमदार विज़न में बना ये गाना एक बड़े लेवल पर शूट किया गया है। इस गाने में शानदार विजुअल्स के साथ जबरदस्त ग्रैंड सेटअप और ढेरों डांसर्स की एनर्जी देखने को मिलती है, जो इसे और भी धमाकेदार बना देता है। पहली ही बीट से जश्न का माहौल बन जाता है, यह गाना रंग, म्यूजिक और जोश से भरी एक शानदार ट्रीट है, जिसमें सलमान और रश्मिका की जबरदस्त केमिस्ट्री चार चांद लगा देती है।

इस गाने में सलमान खान के परफेक्ट सिंक्रोनाइज्ड डांस मूव्स और रश्मिका की खूबसूरत अदाओं का जबरदस्त मेल देखने को मिलता है। हर फ्रेम में उनकी बेहतरीन केमिस्ट्री झलकती है, जो इसे और खास बना देती है। प्रीतम के शानदार म्यूजिक और फराह खान की बेहतरीन कोरियोग्राफी के साथ, ज़ोहरा जबीं इस ईद के लिए म्यूजिक और डांस से सजा एक पूरा जश्न है। नक्श अज़ीज़ और देव नेगी की मस्त आवाज़ ने इसमें जान डाल दी है, तो वहीं समीर और दानिश साबरी के लाजवाब बोल सुनने के बाद भी दिमाग में गूंजते रहते हैं। जैसे-जैसे सिकंदर की ईद रिलीज़ करीब आ रही है, ज़ोहरा जबीन इस फिल्म की जबरदस्त दुनिया की एक झलक दिखाने वाला परफेक्ट गाना साबित हो रहा है जिसमें एक्शन, ड्रामा और इमोशन्स का बेहतरीन तड़का देखने को मिलेगा। साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन और ए.आर. मुरुगदॉस के डायरेक्शन में बनी सिकंदर के साथ झूमने, जश्न मनाने और इसके जादू को महसूस करने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि ज़ोहरा जबीन आपके ईद के रंग को और भी खूबसूरत बनाने आ गई है।